भोपाल, बुधवार
19 फरवरी 2025

दैनिक
मध्य स्वर्णिम

सच्ची ख़बर, सबकी ख़बर...

वर्ष - 12 ▪ अंक-174 ▪ पृष्ठ-08 ▪ मूल्य-₹02

यह क्यूआर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर...
Scan QR Code to Read ePaper
www.madhyaswarnim.com

सीएम चाहते हैं कि सभी निवेशकों का स्वागत ऐतिहासिक हो

पीएम मोदी लांच करेंगे प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक नीतियां

भोपाल। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से की जा रही है। इसीलिए आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां व्यापक स्तर पर की जायें। जीआईएस के आयोजन में प्रबंधन संबंधी कोई भी कमी न रहे।मध्यप्रदेश के सीएम डॉ.मोहन यादव ने ये मंशा और संकल्प भी व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेशकों को सहज आकर्षित करने के लिए राज्य की सभी निवेशक हितैषी औद्योगिक नीतियों, म.प्र. में उद्योगों के लिए उपलब्ध व्यापक अधोसंरचनाओं और संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट बनाने के लिए निवेशकों को वांछित सभी जरूरी सहायता एवं सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीआईएस में देश-विदेश से

भोपाल आने वाले निवेशक हमारे विशेष अतिथि हैं, इसलिए उनका स्वागत व अभिनंदन विशुद्ध भारतीय आतिथ्य परम्परा से किया जाए। इन दो दिनों को स्मरणीय बनाने के लिए मध्यप्रदेश की संस्कृति, यहां की सत्कार परम्परा, विभिन्न कला उत्पादों सहित यहां के खान-पान, व्यंजन आदि का विशेष रूप से प्रदर्शन किया जाए, जिससे निवेशक दो दिन मध्यप्रदेश में रहने के शानदार अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने भोपाल के तालाबों एवं पूरे शहर का आकर्षक सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बड़ी झील में पाल-नौकायन और ई-बैटरी से चलित नौकाओं का संचालन किया जाए, जिससे निवेशक और दूसरे प्रतिभागी भोपाल के अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ ले सकें।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस समिट से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नया आयाम मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने निवेशकों को बेहतर सुविधाएं देने और सुगम प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के सुव्यवस्थित बेहतर आयोजन के लिए गठित शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

अब तक हुए 31 हजार 659 से अधिक पंजीयन

जीआईएस में 60 से अधिक देश के प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें जिम्बाब्वे के उप मंत्री सहित 10 देशों के राजदूत, 8 देशों के उच्चायुक्त, 7 देशों के काउंसलेट जनरल सहित कुल 133 विदेशी प्रतिभागी शामिल होंगे। जीआईएस में देश के प्रमुख उद्योगपतियों सहित भारत की अग्रणी कंपनियों को 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी और सीईओ भी प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। जीआईएस में 6 विभागीय सम्मेलन, 6 कंट्री सेशन एवं 10 सेक्टोरल सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। बताया गया कि जीआईएस में अब तक विभिन्न श्रेणियों में 31 हजार 659 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। इनमें से 18 हजार 736 से अधिक प्रतिभागियों ने भोपाल आने की सहमति भी दी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि जीआईएस आयोजन परिसर में ही 'एक जिला-एक उत्पाद' श्रेणी के सभी उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए एक पूरा गांव तैयार किया जा रहा है। परिसर में पारम्परिक मिट्टी के बर्तनों, टेराकोटा हस्तनिर्मित मिट्टी की कलाकृतियां एवं म.प्र. की प्रख्यात मूर्तिकला के शिल्पों का भी विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (GIS) में आने वाले मेहमानों को वेलकम ड्रिंक में मसाला छाछ तो सूप में टमाटर-धनिये का सोरबा परोसा जाएगा। लंच-डिनर में 70 से ज्यादा डिशेज होंगी। इनमें मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, पंजाब और साउथ इंडियन व्यंजन तो होंगे ही, थाई और चाइनीज फूड भी शामिल हैं।

INVEST MADHYA PRADESH
— INFINITE POSSIBILITIES —

खानपान में प्रदेश के समृद्ध विरासत की झलक

भोपाल में पहली बार 24-25 फरवरी को मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो रही है। इसमें देश के शीर्ष उद्योगपति अंबानी, अडाणी, महिंद्रा, टाटा, बिड़ला समेत 30 हजार से अधिक देश-विदेश के बिजनेस लीडर्स शामिल होंगे। साथ ही, जापान, स्पेन, हॉन्गकॉन्ग और अन्य देशों से विदेशी निवेशक भी आएंगे।मेहमानों के स्वागत के लिए एमपी टूरिज्म बोर्ड ने एक अनोखा मेन्यू फाइनल किया है। ताकि विदेशी और भारतीय मेहमानों को मध्यप्रदेश के स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन परोसे जा सकें। मेन्यू में बिहारी फूड लिट्टी-चोखा और पंजाबी तड़का भी शामिल हैं।ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए ऐसा मेन्यू तैयार किया गया है, जिससे मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और खानपान विरासत की ब्रांडिंग भी हो। मेन्यू को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की खास डिशेज के आधार पर तैयार किया गया है। जैसे- मालवा का दाल बाफला, निमाड़ का दाल-पानिया समेत बुंदेलखंड और बघेलखंड की पारंपरिक और लोकप्रिय डिशेज भी शामिल हैं।मेन्यू में 5 तरह की चाट शामिल की गई है। हींग, आलू और प्याज की कचोरी खाने को मिलेगी। मशरूम और ब्रोकली की खिचड़ी समेत आलू, गोभी, मूली और पनीर के पराठे भी परोसे जाएंगे। 15 तरह के स्वीट्स भी रहेंगे। इनमें सबसे खास माल पुआ, जलेबी-रबड़ी, मलाई सैंडविच, कुदकी की शुगर फ्री खीर सबसे खास है।मेहमानों के लिए मध्यप्रदेश के अलावा बिहार, राजस्थान, पंजाब और साउथ इंडियन स्टेट्स की डिशेज की ब्रांडिंग भी की जाएगी। पंजाबी तड़का में अमृतसर का पनीर, दाल ढाबा, मैथी मटर मलाई शामिल हैं।मेहमानों के लिए बनने वाले 70 से अधिक व्यंजन में इंडियन, कॉन्टिनेंटल और चाइनीज जैसे इंटरनेशनल फूड भी रहेंगे।

सत्येंद्र जैन पर मुकदमा चलाने मिली राष्ट्रपति की मंजूरी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन पर मुकदमा चलाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से जरूरी मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से सत्येंद्र जैन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का अनुरोध किया था। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। जैन के खिलाफ

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगी गई थी। मंत्रालय ने पर्याप्त सबूतों के आधार पर मंजूरी देने का अनुरोध किया था।ईडी ने हवाला सौदों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन पर मामला दर्ज किया था और मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान जैन दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। गिरफ़्तारी के नौ महीने बाद फ़रवरी 2023 में उन्होंने इस्तीफ़ा दे दिया था। वह फिलहाल इस मामले में जमानत पर बाहर हैं। ईडी इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।ईडी ने आरोप लगाया था कि इस पैसे का इस्तेमाल दिल्ली और उसके आसपास खेती की जमीन खरीदने में किया गया था।

ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को कैबिनेट की मंजूरी

मध्यप्रदेश तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित होगा

भोपाल। मध्यप्रदेश में मोहन यादव सरकार की कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। इस बैठक के बाद, मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इन फैसलों की जानकारी दी। ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। यह परियोजना प्रदेश के जल संकट को कम करने के उद्देश्य से अहम कदम साबित होगी। इस परियोजना के तहत 273 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण किया जाएगा, जिससे 11.76 मिलियन क्यूबिक मीटर जल से भूमिगत जल को रिचार्ज किया जाएगा। यह जल खंडवा जिले के 1,23,000 हेक्टेयर क्षेत्र में पानी की आपूर्ति करेगा।

इस परियोजना के माध्यम से राज्य में कृषि, जलस्रोतों और भूजल स्तर में सुधार लाने की उम्मीद जताई जा रही है।प्रारंभ में, इस योजना से खंडवा जिले के किसानों को लाभ होगा, जो नियमित रूप से जल संकट का सामना करते हैं। नहर के निर्माण से न केवल क्षेत्रीय जल आपूर्ति बेहतर होगी, बल्कि यह पर्यावरणीय सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम होगा।मध्यप्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने का लक्ष्य तय किया गया है। इस क्षेत्र में निवेश करने वालों को 40 फीसदी तक अनुदान दिया जाएगा। 10 करोड़ रुपए से अधिक निवेश करने वाले निवेशकों को 1.3 गुना अनुदान दिया जाएगा।

कार्यक्रम नक्शा की हुई शुरूआत

रायसेन। दशहरा मैदान में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'नक्शा' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह एक राष्ट्रव्यापी पायलट प्रोजेक्ट है, जिसका मकसद शहरी भूमि सर्वेक्षण को आधुनिक तकनीक से पारदर्शी और सटीक बनाना है। इस मौके पर केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र पटेल और जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार सहित अन्य नेता और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि ड्रोन उड़ाकर 'नक्शा' प्रोग्राम की राष्ट्रीय स्तर पर शुरुआत की गई। इसके तहत पूरे देश में आधुनिक तकनीकों से भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल किया जाएगा। इससे भू-सूचना को सटीक और पारदर्शी बनाया जा सकेगा, जिससे जमीन से जुड़े विवादों में भी कमी आएगी।इसके अलावा, इस मौके पर 'वाटरशेड यात्रा' की भी शुरुआत हुई, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण और जल स्रोतों के बेहतर प्रबंधन पर जोर देना है। कार्यक्रम में 'नक्शा' की एसओपी पुस्तिका, फ्लायर और एक विशेष वीडियो भी जारी किया गया, जिससे लोगों को इस योजना की जानकारी मिल सके।सरकार का कहना है कि इससे नागरिकों को अपनी भूमि संबंधी जानकारी डिजिटल रूप से आसानी से उपलब्ध होगी और सभी रिकॉर्ड पारदर्शी होंगे।

आस्था के महाकुंभ में आधी आबादी ने लगाई डुबकी

प्रयागराज। संगमनगरी में 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम 'महाकुंभ 2025' अब इतिहास रच चुका है। यहां अब तक 55 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 55 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है।एक अनुमान के मुताबिक भारत में कुल 110 करोड़ सनातनी निवास करते हैं। इस लिहाज से महाकुंभ में देश की आधे सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन

डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुका है। 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 60 करोड़ से भी ज्यादा हो सकती है।मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी कि स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा।

कामायनी एक्सप्रेस में बम की अफवाह से हड़कंप

सागर। मंगलवार को कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11072 में बम की अफवाह से रेलवे प्रशासन के हाथपांव फूल गए। मप्र के बीना स्टेशन पर ट्रेन को रोककर रेलवे प्रशासन, जीआरपी, आरपीएफ सहित अन्य अमले ने पूरी ट्रेन को खाली कराया। इसके बाद ट्रेन की सघन चैकिंग की। एक-एक बर्थ और एक-एक हिस्से की जांच की गई। बम स्क्वॉयड की जांच में भी ट्रेन में कुछ नहीं निकला। इधर चार घंटे तक ट्रेन के यात्री प्लेटफॉर्म के बाहर दहशत के साये में बैठे रहे।रेलवे से मिली जानकारी अनुसार रेलवे को गोरखपुर में सूचना मिली थी कामायनी एक्सप्रेस के डिब्बे में बम रखा गया है। इसके बाद रेलवे में हड़कंप मच गया। इधर रेलवे ने रास्ते के सारे स्टेशनों को अलर्ट भेजा था। ट्रेन दोपहर में बीना पहुंची थी। यहां पहले से सुरक्षा के लिहाज से आरपीएफ, जीआपी सहित अन्य अमले को अलर्ट कर दिया गया था। बम स्क्वायड भी स्टेशन पहुंच गया था। ट्रेन को 11.30 बजे बीना के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर रोका गया।जीआरपी व आरपीएफ ने यात्रियों को ट्रेन से बाहर उतरने के लिए कहा था। यात्रियों में दहशत न बने या भगदड़ न मचे इस कारण उन्हें बम की सूचना की जानकारी नहीं दी गई थी। करीब 4 घंटे तक चली सर्चिंग के बाद ट्रेन में बम तो ठीक कुछ भी आपत्तिजनक सामान तक नहीं मिला। क्लीन चिट मिलने के बाद ट्रेन को भोपाल स्टेशन के लिए रवाना किया गया।बीना स्टेशन पर जैसे ही पूरी ट्रेन खाली हुई तो प्लेटफॉर्म पर उनकी भारी भीड़ जमा हो गई। इस कारण अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म पर लगी लोहे की रैलिंग को तोड़ दिया और यात्रियों को प्लेटफॉर्म से हटाकर बाहर किया गया।

@खबर संक्षेप

शपथ की तारीख तय नाम पर सस्पेंस जारी

नई दिल्ली। नए मुख्यमंत्री के नाम पर दिल्ली बीजेपी के सभी विधायकों में सस्पेंस बरकरार है। 20 तारीख को रामलीला मैदान में नए सीएम का शपथ ग्रहण होना है। इसे लेकर जोर शोर से तैयारियां भी चल रही हैं। इसी बीच यह खबर सामने आ रही है कि बीजेपी दिल्ली के नए सीएम के शपथ ग्रहण में एक लाख दिल्ली वालों को बुलाने पर विचार कर रही है। इस दौरान मंदिर के पुजारियों से लेकर दिल्ली की सभी झुग्गी बस्ती एरिया के 250 विस्तारकों को भी आमंत्रित किया गया है।अरविंद केजरीवाल की राजनीति की नींव झुग्गी बस्ती इलाके ही रहे हैं। बीजेपी केजरीवाल के वोट-बैक में सेंधमारी का प्रयास कर रही है। अगर बीजेपी अपने मकसद में कामयाब हो जाती है तो अरविंद केजरीवाल के लिए 5 साल बाद वापसी कर पाना मुश्किल हो जाएगा। उधर, शपथ ग्रहण में किस-किस नेता को बुलाया जाएगा, इसकी लिस्ट बनाई जा रही है। हालांकि दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा यह एक ऐसा सवाल है, जिसका जवाब हर एक दिल्ली वाला जानना चाहता है। पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित बीजेपी के तमाम बड़े नेता मंथन में लगे हुए हैं। औपचारिक तौर पर बीजेपी के विधायक दल की बैठक आज यानी 19 फरवरी को होनी है। इस दौरान सभी विधायक मिलकर अपना नेता चुनेंगे। यह पूरी प्रक्रिया सीएम को लेकर होगी। उधर, आम आदमी पार्टी भी चुनाव नतीजों के 11 दिन बाद भी राज्य में सरकार नहीं बना पाने के कारण बीजेपी पर हमलावर है।

नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर कांग्रेस का विरोध

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को ज्ञानेश कुमार को नए मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त करने पर चिंता व्यक्त की, चयन समिति के गठन को लेकर चल रही कानूनी चुनौती के बीच निर्णय की जल्दबाजी पर सवाल उठाया। कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव न केवल निष्पक्ष होने चाहिए बल्कि निष्पक्ष प्रतीत भी होने चाहिए, उन्होंने इस कदम की आलोचना कर सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार और संविधान की मूल भावना का उल्लंघन बताया। कांग्रेस सांसद तिवारी ने कहा कि इस मामले के लिए चयन समिति के गठन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। मामले को सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। इसके बाद इतनी जल्दी क्या थी कि इस दौरान नियुक्ति कर दी गई? ...लोकतंत्र में चुनाव न केवल निष्पक्ष होने चाहिए बल्कि निष्पक्ष दिखने भी चाहिए...यह सुप्रीम कोर्ट और संविधान की मूल भावना की अवमानना है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महीने की शुरुआत में लोकसभा में एक भाषण के दौरान मोदी सरकार के प्रभुत्व वाले पैनल की संरचना पर सवाल उठाए थे। चयन समिति की बैठक में भाग लेने के दौरान राहुल गांधी ने नियुक्ति की प्रणाली पर आपत्ति जताकर एक असहमति पत्र प्रस्तुत किया। इसके पहले चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भारत का नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया था।

@POLYTOON

3 चरण में जलेगा यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा

जबलपुर। हाईकोर्ट ने पीथमपुर में निपटान किए जाने वाले यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे पर जरूरी निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि तीन चरणों में पहले टेस्टिंग की जाए, फिर कोई निर्णय लिया जाए। 27 फरवरी से टेस्टिंग की प्रक्रिया शुरू की जाए। भोपाल गैस त्रासदी के बाद यूनियन कार्बाइड फैक्टरी का कचरा निपटान एक बड़ी चुनौती है।

पीथमपुर में इस जहरीले कचरे का निपटान किया जाना है। कचरा वहां तक पहुंचाया जा चुका है। इसे लेकर लगातार विरोध भी हो रहा है। मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के बाद कचरे के निपटान से

पहले तीन चरणों में टेस्टिंग के निर्देश दिए गए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि 27 फरवरी से टेस्टिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार तथा विवेक जैन की युगलपीठ ने यूनियन कार्बाइड के लिए कचरे को नष्ट करने की टेस्टिंग तीन चरणों में करने के निर्देश दिए हैं। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि टेस्टिंग रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड को भेजी जाए रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिया जाए कि कचरे को कितनी मात्रा में और कितने समय अंतराल में नष्ट किया जाए। याचिका पर अगली सुनवाई 27 मार्च को निर्धारित की गई है।पीथमपुर के रामकी भस्मक में रखे गए 337 टन कचरे की निपटान की सुनवाई से पहले सरकार ने 12 कंटेनरों को ट्रक से अलग किया है, लेकिन अभी तक निपटान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई थी। सरकार को भी कोर्ट के निर्देश का इंतजार था।

बुरा न मानों TRENDING है...

मोरा पिया मोसे बोलत नाही....

इस फिलम के गाने के आगे के बोल थे,राज जिया के खोलत नाही...इस समय सूबे के एक माननीय और उनके खास सिपहसालार के बीच एकदम मुफीद है। हुआ यों कि एक बड़ा छापा पड़ा, उसमें रकम के अलावा मोटा सोना भी भाई लोग छोड़ गए। फिर जब डायरी के पन्ने उखड़ने लगे तो बहुत सी बातें जाहिर होने लगी।महकमे में वसूली का अनुमान से ज्यादा रकम होने की बात होने लगी।महकमे का पूरा काम माननीय ने इसी सिपहसालार को दिया था। भरोसा जीतकर भाई ने खूब कटमनी बनाई और वसूली कम होने की दुहाई देते रहे। अब जब माननीय को इतनी अकूत कमाई का पता चला तो उनके पांव से जमीन खिसक गई। क्योंकि बदनामी हुई लेकिन माल तो कोई और ले गया। तब से माननीय ने सिपहसालार से बातचीत और घर के दरवाजे दोनों बंद कर दिए हैं...

● अख्यार

भ्रष्टाचार | सुषमा शुक्ला को बचाने जांच अधिकारी आईएएस को किया गया परेशान

एक महिला की फर्जी नियुक्ति की वजह से फंसे बेलवाल

भोपाल। पूर्व आईएफएस और पूर्व सीएस के करीबी ललित बेलवाल पर ईओडब्ल्यू ने प्राथमिकी दर्ज की है,उसमे नई जानकारी सामने आई है। विगत 2 वर्षों से आईएएस नेहा मरवया द्वारा एक फर्जी भर्ती तथा 366 अन्य भर्तियों के मामले में जो जांच रिपोर्ट तैयार की गई है। जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो चुकी है लेकिन उस जांच रिपोर्ट में संलग्न किए गए दस्तावेजों को छुपाया जा रहा है। दरअसल सुषमा रानी शुक्ला का चयन फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कूटरचना कर राज्य परियोजना प्रबंधक के पद पर आजीविका मिशन में किया गया।

इस महिला अधिकारी को पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बेस और ललित मोहन बेलवाल का खास माना जाता है। सुषमा रानी शुक्ला पर पहले भी दो विभागों में राज्य स्तर के पदों पर जाली दस्तावेजों के माध्यम से नियुक्त होकर नौकरी करने का आरोप

है। इन पर आरोप है कि एक शासकीय राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में कार्य करने के दौरान इसने लेटर हेड चोरी करके अपना फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र तैयार किया। नगरीय प्रशासन में राज्य स्तर के पद में उपयोग करते हुए चयनित हुई और कुछ माह नौकरी करने के बाद आजीविका मिशन में फर्जी तरीके से नियुक्त हो गई।जांच में शुक्ला दोषी पाई गई सुषमा शुक्ला की जांच करने वाली अधिकारी नेहा मारव्या द्वारा कई आपराधिक धाराओं में प्रकरण दर्ज करने अनुशंसा की गई, परंतु जांच रिपोर्ट आने के तुरंत बाद ही नेहा मारव्या को ट्रांसफर कर दिया गया।

सुषमा शुक्ला को भर्ती करने वाले ललित मोहन बेलवाल पर कार्रवाई न हो इसके लिए पूर्व मुख्य सचिव ने पूरा जोर लगा दिया था। जबकि बेलवाल ने आजीविका मिशन में 12 साल मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर रहते हुए 100 से ज्यादा संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्त की और फर्जी तरीके से 366 नियुक्तियां एवम दर्जनों भ्रष्टाचार के आरोप लगे। विधानसभा सत्र में विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने ललित मोहन बेलवाल और सुषमा रानी शुक्ला पर कार्रवाई को लेकर प्रश्न लगाया है।

मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

चांदामेटा के उमरिया लाईन महायज्ञ में पहुंचे सांसद बंटी साहू

परासिया(मध्य स्वर्णिम)। जिले के सांसद विवेक बंटी साहू चांदामेटा के उमरिया लाईन वार्ड क्रमांक नौ में आयोजित पंचकुंडीय महायज्ञ में पहुंचे। वार्ड के नागरिकों द्वारा इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को सांसद बंटी साहू यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यज्ञशाला की परिक्रमा की। जन कल्याण के लिए प्रार्थना की । यज्ञ भगवान के दर्शन कर उन्होंने आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर परासिया नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद मालवीय, परमजीत सिंह विज, हरिश्चंद्र अग्रवाल, महेश सोमकुंवर, मुकेश मार्य, वार्ड के पार्षद, नागरिकगण, यज्ञ समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

251 किलो वजनी त्रिशूल लेकर महादेव रवाना हुए भक्त

परासिया(मध्य स्वर्णिम)। भमोडी से महादेव भक्तों का जत्था 251 किलो वजनी त्रिशूल लेकर महादेव की यात्रा पर रवाना हुआ। जय भोले सेवा समिति भमोड़ी के सदस्य दो सौ इंक्यावन किलो का त्रिशूल महादेव को अर्पित करने सदस्यों की टोली रवाना हुई। समिति के सदस्यों ने हर हर महादेव के जयकारों के साथ त्रिशूल का नगर भ्रमण कराया। महादेव गढ़ मे पूजा अर्चना के बाद लौटकर भमोड़ी के महाकाली मंदिर मे स्थापित करेंगे..।

जनपद पंचायत के 56 हितग्राहियो को मिली संबल योजना की राशि

परासिया(मध्य स्वर्णिम)। परासिया विधायक सोहन बाल्मिकी के प्रयासों से जनपद पंचायत के परासिया के 56 हितग्राहियों को संबल योजना की राषि खाते में आ गई है। संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत होने के बाद भी हितग्राहियों के खाते में राशि नहीं आ रही है। जिससे हितग्राहियों को अनुक असुधिाओं का सामना करना पड रहा था। हितग्राहियों ने विधायक सोहन बाल्मिकी से इसके लिए आग्रह किया था। जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जनपद सदस्यों के साथ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसके परिणाम स्वरूप 17 फरवरी को राशि हितग्राहियों के खाते में आ गई।

माथनी खदान को लेकर बीएमएस ने शुरू किया क्रमिक अनशन

परासिया(मध्य स्वर्णिम)। भारतीय कोयला खदान मजदूर संध बीएमएस ने मंगलवार को माथनी खदान को बंद करने के विरोध में क्रमिक अनशन प्रारंभ किया। जीएम आफिस परिसर के सामने क्रमिक अनशन प्रारंभ किया गया है। नेताओं ने नारे लगाकर माथनी खदान को चालू करने की मांग की। मंगलवार को एबीकेएमएस के पूर्व उपाध्यक्ष नारायण राव सराठकर, बीएमएस अध्यक्ष राम सिंह बधेल, महामंत्री तेज प्रताप शाही, कार्यकारी अध्यक्ष कुंवर सिंह, संजय बावरिया कन्हैया सिंह,, भुवनेश्वर यदुवंशी आशीष यादव, अच्छेलाल गुप्ता, रंजीत सिंह सतीश शिव, श्वेतल पटेल, तिरुमल राव निषाद, नागेंद्र चौधरी, प्रेम शंकर, अर्पण चौबे, मनोज यदुवंशी जीएम मुख्यालय में पहुंचे। आज पांच कार्यकर्ता राजू, निर्मल दास, गगनदीप विश्वकर्मा, परशुराम, विष्णु अनशन पर बैठे। बीते डेढ महिने से माथनी कोयला खदान को प्रबंधन ने गैस के कारण बंद कर दिया है। मजदूर संगठन प्रबंधन पर खदान को बंद करने की साजिश रचने का आरोप लगा रहे है।

कंटेनर ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत

रायसेन(मध्य स्वर्णिम)। जिले के सुल्तानपुर जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे क्रमांक 45 पर बम्होरी ढाबा के पास एक कंटेनर ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। इससे एक युवक की मौत हो गई। हादसे में घायल हुए बसतपुर गैरतगंज निवासी हुकुम सिंह भील, पिता पुनियां भील, ने बताया कि वह अपने बहनोई भूरसिंह के साथ बाइक से चिकलोद जा रहे थे। बम्होरी ढाबा के पास कंटेनर के चालक ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी थी।

नाक-कान रोग निदान शिविर 23 फरवरी को

रायसेन(मध्य स्वर्णिम)। सेवा भारती न्यास विदिशा के तत्वावधान में निशुल्क नाक, कान, गला रोग निदान शिविर 23 फरवरी को सेवा भारती भवन कृष्णा कालोनी विदिशा में रखा गया है। शिविर में नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना अग्रवाल द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष को किया गिरफ्तार,ब्लाक कांग्रेस अध्याक्ष को किया नजर बंद

रायसेन(मध्य स्वर्णिम)। बेरोजगारी के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह सोलंकी के नेतृत्व में कार्यकर्ता दशहरा मैदान में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध करने पहुंचे थे। कांग्रेस का कहना है कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार बेरोजगार युवाओं की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

छापा डलने से पहले गायब हुआ छिंदा खदान से डीजल से भरा टैंकर

कोयला खदान की सुरक्षा से खिलवाड, 40 हजार लीटर डीजल का किया अवैध भंडारण

परासिया (मध्य स्वर्णिम)।

वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड पेंच एरिया की छिंदा ओपर कास्ट कोयला खदान में उत्खनन कंपनी ने अवैध रूप से चालीस हजार लीटर डीजल का भंडारण किया। इस मामले की शिकायत के बाद एसडीएम ने खाद्य और आपूर्ती विभाग की टीम को जांच के लिए भेजा। जांच टीम के पहुंचने से पहले ही डीजल से भरा टैंकर गायब हो गया। टीम खाली हाथ लौट आई।

छिंदा ओपन कास्ट कोयला खदान में मेसर्स लेम यशिवि इंफ्रा का उत्खनन का काम है। पे टू कांट्रेक्टर के रूप में कंपनी खदान में काम कर रही है। कंपनी गुजरात से डीजल काम के लिए बुला रही है। बताया जा रहा है कि बायो डीजल मंगवाया जा रहा है। इसलिए सीधे गुजरात से आपूर्ती की जा रही है। चालीस हजार लीटर डीजल से भरा टैंकर क्रमांक जीजे 12 एजेड 7407 कंपनी के कैंप में खडा किया गया।

सोमवार को टैंकर कैंप में आया। कंपनी के पास डीजल स्टोर करने की कोई अनुमती नहीं है। अवैध रूप से रात भर कैंप में डीजल बिना किसी सुरक्षा उपकरणों के रखा गया। हजारो लीटर डीजल कैंप में बिना सुरक्षा के और बिना आग बुझाने के संसाधनो के खडा होने की सूचना एसडीएम पुष्पेंद्र निगम और खदान के मैनेजर व्यास को की गई।

मंगलवार को जिला आपूर्ती अधिकारी गंगा कुमरे, सहायक आपूर्ती अधिकारी राघवेंद्र सिंह लिघोरे, कनिष्ठ आपूर्ती अधिकारी जामई अरविंद कुमरे, परासिया के कनिष्ठ आपूर्ती अधिकारी सुमित चौधरी छिंदा खदान और कैंप में पहुंचे। टीम जब पहुंची कैंप से टैंकर हटा लिया गया था।

खाली नहीं हुआ है टैंकर

डीजल से भरा टैंकर सोमवार की रात खाली नहीं हुआ था। मंगलवार को टीम के आने की सूचना पहले से ही मिलने से टैंकर को हटा दिया गया।



वहां पानी से भरा टैंकर और एक छोटा टैंकर मिला। हिदायत देकर टीम वापस आ गई। अभी भी टैंकर खाली नहीं हुआ है। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि रात में इसे फिर खाली किया जाएगा।

बिना अनुमति स्टोर किया डीजल

कैंप में डीजल स्टोर करने की अनुमति नहीं है। न कंपनी के पास डीजल पंप की अनुमति है। इसके बाद भी चालीस हजार लीटर डीजल गुजरात से बुलाकर नियम विरुद्ध तरीके से कैंप में स्टोर कर लिया गया।

मै प्रयागराज में हूं, खदान में बात कीजिए-ठेकेदार

ठेकेदार सचिन पाटीदार ने कहा कि वे इस समय प्रयागराज में है। खदान में लोकर स्तर पर बात कीजिए।

शिवपुरी पंप में खाली कराएंगे टैंकर-सुपरवाईजर

कंपनी के सुपरवाईजर और कैंप इंचार्ज दुर्गा प्रसाद जावरिया ने बताया कि टैंकर कैंप में आया है। उसमे बायो डीजल नहीं डीजल है। गाडियों में खाली करने के बाद इसे शिवपुरी के पंप में खाली किया जाएगा।

चांदामेटा में पुलिया निर्माण का कार्य रोकने का प्रयास

ठेकेदार के साथ की मारपीट, नगर परिषद ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

परासिया (मध्य स्वर्णिम)।

चांदामेटा के वार्ड क्रमांक 15 में निर्माणाधीन पुलिया को लेकर एक स्थानीय व्यक्ति ने मंगलवार को 12 बजे ठेकेदार से विवाद किया। ठेकेदार ने नगर परिषद कार्यालय में मारपीट की सूचना दी। दोपहर तीन बजे नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ, पार्षदगण और कर्मचारियों ने चांदामेटा थाने में जाकर कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। घटना को लेकर ज्ञापन में कहा गया कि चांदामेटा निवासी प्रदीप विश्वकर्मा ने एसके इंफ्रा के संचालक सोहल खान के साथ मारपीट की। ठेकेदार पुलिया का काम करवा रहा था। इसी दौरान प्रदीप विश्वकर्मा वहां पहुंचा और काम बंद कराने के लिए कहा। ठेकेदार ने मना किया तो उसके साथ मारपीट की गई। ठेकेदार की शिकायत के साथ नगर परिषद ने चांदामेटा पुलिस को कार्य में बाधा पहुंचाने की शिकायत की। बताया जा रहा है कि 26 फरवरी को चांदामेटा में शिव बारात निकलने वाली है। सीएमओ ने ज्ञापन में कहा कि शिव बारात निर्माणाधीन पुलिया पर से निकालने को लेकर विवाद हुआ। बताया जा रहा हैं कि मामला चंदे को लेकर भी है।

अवैध धंधे बंद कराने नपाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

चांदामेटा नगर परिषद के अध्यक्ष गोविंद बजोलिया ने चांदामेटा में अवैध धंध बंद कराने की मांग का ज्ञापन पुलिस को सौंपा। थाना प्रभारी को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि सेंट्रल स्कूल मार्ग से रोजना कोयले का अवैध परिवहन किया जा रहा है। चांदामेटा बाजार में शराब की अवैध बिक्री की जा रही है। जुआ सट्टा भी चल रहा है। इन अवैध धंधो पर लगाम कसी जाए।

कन्हरगाँव में संस्था प्रमुखों की हुई समीक्षा बैठक

शाला की प्रगति, मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा की

परासिया (मध्य स्वर्णिम)।

उमरेठ के जन शिक्षा केन्द्र कन्हरगाँव के अंतर्गत केन्द्र की प्राथमिक माध्यमिक शालाओं के संस्था प्रमुखो की समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को तीन बजे जन शिक्षा केन्द्र कार्यालय कन्हरगाँव में आयोजित किया गया। इस बैठक में शाला की प्रगति और मध्याह्न भोजन की समीक्षा की गई। जनपद शिक्षा केन्द्र परासिया की बीएसी. सोनिया सराठी, जन शिक्षक वीरेन्द्र शर्मा, एजाज खान उपस्थित रहे। बैठक में प्रत्येक शाला की प्रगति की समीक्षा बिंदुबार की गई। जिनमें मध्यान्ह भोजन वितरण में समीक्षा, बोर्ड परीक्षा 2025 की तैयारी, एफएलएन कक्षाओं की समीक्षा, कक्षा 5 एवं 8 की रजिस्ट्रेशन प्रवेश पत्र के संबंध में समीक्षा, माध्यमिक शालाओं में व्यावसायिक कौशल विकास गतिविधि की समीक्षा, बीपीएमयू बैठक की जानकारी दी गई। एमडीएम कार्यक्रम अंतर्गत रसोईया दर्ज बच्चों की संबंध में समीक्षा, अपार आईडी आत्मरक्षा प्रशिक्षण, शौचालय, किचनशेड, शाला भवन की रंगाई आदि, चयनित शाला परसोली, हरनाखेड़ी, तिघरा में एण्डलाईन टेस्ट की तैयारी, गणवेश वितरण में फेल्ड अकाऊंट की जानकारी ,माँ की बगिया की तैयारी, कक्षा पाँचवी आठवी पढ़ाने वाले शिक्षकों की यूनिक आई. डी., मोबाईल नम्बर, पढ़ाने वाले विषय की आफ लाईन जानकारी पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गयें।

13 महिने से टूटी पडी है नार्थ चांदामेटा भमोडी मार्ग की पुलिया

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

परासिया (मध्य स्वर्णिम)।

नार्थ चांदामेटा से जाटाछापर, भमोडी रमपुरी मार्ग की पुलिया बीते 13 महिने से टूटी पडी है। भारी बारिश के दौरान बही पुलिया को मिट्टी डालकर आवागमन के योग्य बनाया गया है। पुलिया का टैंडर होने के बाद भी वेकोलि इसे बना नहीं रही है। इस मामले को लेकर क्षेत्र के जनपद सदस्य और जनपद पंचायत परासिया के उपाध्यक्ष जमील खान ने सरपंच और ग्रामीणों के साथ मंगलवार को चार बजे एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में इस पुलिया का निर्माण शीघ्र प्रारंभ नहीं होने

पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष जमील खान ने बताया कि चमेली वाले बाबा के समीप पुलिया बह गई थी। इस पुलिया के बहने से हजारों लोगों को परेशानी हो रही है। स्कूल बस, आटो इस मार्ग से आवागमन नहीं कर पा रहे है। उन्हें छह किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पडता है। किसी तरह मिट्टी डालकर इसे आवागमन के योग्य बनाया गया है। अब फिर पानी गिरेगा तो भारी परेशानी होगी। कोई विकल्प नहीं बचेगा। वेकोलि ने सितंबर 2024 में 19 लाख 80 हजार रुपयों का टैंडर किया है।

इसके बाद भी निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पुलिया का निर्माण के लिए दस दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। एसडीएम पुष्पेंद्र निगम ने कहा कि इस मामले में वेकोलि के अधिकारियों से चर्चा कर मामले का हल निकालने का प्रयास करेंगे।

सांसद बंटी साहू ने पेंचवेली कालेज गैदरिंग में विद्यार्थियों का किया उत्साहवर्धन

बेसिक शिक्षा में तकनीकी शिक्षा को शामिल कर बढ रहे रोजगार के साधन-बंटी साहू

परासिया (मध्य स्वर्णिम)।

पेंचवेली कॉलेज में गैदरिंग के दूसरे दिन जिले के सांसद विवेक बंटी साहू छात्रों का उत्साह वर्धन करने पहुंचे। मंगलवार को सांसद बंटी साहू ने कालेज पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

गौरतलब है कि कालेज के इतिहास में पहली बार स्नेह सम्मेलन में सांसद शामिल हुए है। इसको लेकर विद्यार्थियों में उत्साह था। स्नेह सम्मेलन के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।लंबे समय बाद हुई गैदरिंग में विद्यार्थी मस्ती में जमकर झूमे।

इस अवसर पर छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा की गैदरिंग में विद्यार्थी रिफ्रेश हो जाते हैं ।अपने अंदर छुपी

प्रतिभाओं को मंच पर भी लाते हैं ।उन्होंने कहा बीते 6 साल से गैदरिंग बंद थी ।जन भागीदारी अध्यक्ष प्रदीप राजपूत के नेतृत्व में फिर से गैदरिंग शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन लाने का काम जारी है। अब शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी दी जाती है ।जिससे विद्यार्थी का संपूर्ण विकास हो सके और रोजगार के साधन भी बन सके। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अशोक बारसिया ,नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवी, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप राजपूत, परमजीत सिंह विज, मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी, रूपेंद्र डेहरिया, सौरभ ठाकुर, रोहित पोफली ,भाजपा के अन्य मंडलों के अध्यक्ष कॉलेज के छात्र संघ के अध्यक्ष और छात्र संघ प्रभारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का खास आकर्षण घोड़े पर सवार छावा रहे ।

इस मराठा योद्धा के साहस संघर्ष को छात्र ने प्रस्तुत किया। देश के गौरवशाली इतिहास को पंचोली कॉलेज की गैदरिंग में प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता की बानगी भी प्रस्तुत की । छात्राओं और छात्रों ने शानदार नृत्य किया इसके साथ ही फैंसी ड्रेस गीत गजल गायन भी किया गया प्रतियोगिता का समापन बुधवार को होगा।

पिछली साल से बड़ी गिद्ध कि संख्या, पहले दिन बीते बर्ष से 412 अधिक मिले

रायसेन(मध्य स्वर्णिम)। सामान्य वन मंडल में तीन रेंज में गिद्ध गणना की गई। पहले दिन ही 726 गिद्ध मिल गए। यह संख्या पिछले साल के 314 गिद्धों से 412 अधिक है। यानी एक साल में गिद्धों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई। इतना ही नहीं, गिद्ध गणना के दौरान एक ही जगह पर 380 गिद्ध भी मिले हैं। यह स्थान पश्चिम रायसेन रेंज का सराय है। गिद्धों की गणना सुबह 7 से 9 बजे के बीच की जाती है। गिद्ध गणना लुप्त होते गिद्धों को बचाने के लिए शुरू की गई। इससे उनकी संख्या के बारे में जानकारी मिलती रहती है।

औबेदुल्लागंज वन मंडल में भी पहले दिन 350 गिद्ध देखे गए हैं। सुबह से ही तय स्थानों पर वनकर्मी पहुंच गए थे, जिन्होंने गिद्धों की गणना की। साथ ही उनके फोटो और वीडियो भी लिए गए हैं, ताकि यहां पाए जाने वाले गिद्धों से उनका मिलान किया जा सके। औबेदुल्लागंज वन मंडल के एसडीओ उपेंद्र धाकड़ ने बताया कि गिद्धों की गणना का कार्य तीन दिन चलेगा। पहले दिन बड़ी संख्या में गिद्ध दिखाई दिए। तीन दिन के आंकड़ों के हिसाब से गणना का अनुपात निकाला जाएगा। इसलिए बढ़ी गिद्धों की संख्या गिद्धों की संख्या बढने पर एसडीओ सुधीर पटले ने कहा कि पिछले साल धुंध और अधिक ठंड के कारण प्रवासी गिद्ध कम आए थे। लेकिन इस बार तापमान बढने के कारण प्रवासी गिद्ध अधिक आए हैं। इसके अलावा, स्टाफ को गणना के लिए प्रशिक्षित किया गया था।

युवा संगम रोजगार मेले में 15 कंपनियों ने 311 युवाओं का लिया इंटरव्यूय 839.80 लाख के स्वरोजगार चेक बांटे

रायसेन(मध्य स्वर्णिम)। जिले की मंडीदीप में पहली बार युवा संगम रोजगार मेला ग्रेफाइट हायर सेकंडरी स्कूल में लगाया गया। कार्यक्रम में विधायक सुरेन्द्र पटवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत 1626 लाभार्थियों को कुल 839.80 लाख रुपए के चेक बांटे। मेले में औद्योगिक नगर की 9 और आईटी सहित अन्य क्षेत्रों की 5 कंपनियों ने हिस्सा लिया।

इनमें नाहर स्पीनिंग मिल्स एरिस्टो फार्मास्यूटिकल्स,आइशर ट्रैक्टर्स, हॉकआई सिक्योरिटी जैसी प्रमुख कं,पनियां शामिल थीं। कुल 311 युवाओं ने सीधे कंपनियों को आवेदन कर इंटरव्यू दिए, जबकि 500 से अधिक बेरोजगार युवक-युवतियों का पंजीयन किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मंडीदीप के महाप्रबंधक हंसराज चौधरी ने पंजीकृत युवाओं को आश्वासन दिया गया कि जल्द ही उनके इंटरव्यू कर चयनित आवेदकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

भू-सूचना में सटीकता और भूमि प्रबंधन में पारदर्शिता हेतु एक वर्षीय राष्ट्रव्यापी पायलट प्रोग्राम नक्शा का हुआ शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ यादव तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने ड्रोन उड़ाकर किया शहरी भूमि सर्वेक्षण कार्यक्रम 'नक्शा' का शुभारंभ

रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।

मंगलवार को शहर के दशहरा मैदान में आयोजित शहरी भूमि सर्वेक्षण 'नक्शा' पायलट राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ड्रोन उड़ाकर सिटी सर्वेक्षण प्रोग्राम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भूमि सबसे मूल्यवान सम्पत्ति होती है, इसलिए सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता के लिए सटीक और पारदर्शी रिकार्ड होना जरूरी है।

इस नक्शा कार्यक्रम से शहरी क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराकर भूमि अभिलेखों का निर्माण और आधुनिकीकरण किया जाएगा। जिससे कि भूमि स्वामित्व की पारदर्शिता, दक्षता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारे यशस्वी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना शुरू की है। हर भूखण्ड को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रमुखता से काम किया जा रहा है। किसान भाईयों को पर्याप्त सिंचाई के लिए पानी मिलने से उत्पादकता में वृद्धि होती है, हमारे किसान भाईयों की आय बढ़ रही है।

कांग्रेस बंद हो जाएगी, लेकिन लाड़ली बहना योजना नहीं

सीएम डॉ.मोहन यादव ने कार्यक्रम में कहा कांग्रेस पार्टी बंद हो जाएगी, लेकिन लाड़ली बहना योजना बंद नहीं होगी। नक्शा योजना से किसानों को फायदा होगा। हर खेत को पानी और बिजली मिलेगी। आपके अपने गांव में, आपके शहर में आपके अनुभाग में ड्रोन से सर्वे करके नक्शे के आधार पर काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव, केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान तथा केन्द्रीय ग्रामीण विकास तथा संचार राज्यमंत्री डॉ चन्द्रशेखर पेम्मासानी द्वारा नक्शा पायलट कार्यक्रम के तहत मानक संचालक प्रक्रिया एसओपी पुस्तिका एवं नक्शा फ्लायर का विमोचन किया गया।

शहरी क्षेत्रों में ड्रोन से होगा सर्वे,नक्शा बनाकर भूमि स्वामी को मिलेगा

केन्द्रीय कृषि मंत्री और क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यहां जो कार्यक्रम हो रहा है यह केवल रायसेन और प्रदेश का कार्यक्रम नहीं है। यह पूरे देश का कार्यक्रम है। आज रायसेन से पूरे भारत में 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शहरी भूमि सर्वेक्षण 'नक्शा' पायलट कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि शहरी क्षेत्रों में ड्रोन से सर्वे होगा और नक्शा बनाकर भूमि स्वामी को दिया जाएगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि आज पूरे मध्यप्रदेश में वॉटरशेड शुरू कर रहे हैं। जल जीवन का आधार है और जल, जमीन से ही हमारी जिंदगी है। लेकिन आज भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। जो कुएं जो कभी 30 से 50 फिट पर पानी रहता था आज 100 फिट से भी नीचे चला गया है।

मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने खाया जहर

भोपाल। शहर के ऐशबाग थाना इलाके में पति की हरकतों से तंग आकर नव विवाहिता पत्नि ने जहर खा लिया। आत्महतय की कोशिश करने वाली महिला की हालत करीब तीन सप्ताह बाद बेहतर होने पर उसने पति की सारी करतूते बताई, जिसके बाद पुलिस ने पति के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार ऐशबाग थाना क्षेत्र में रहने वाली 20 वर्षीय पीड़िता का ससुराल और मायका आस-पास ही है। उसकी शादी साल 2022 में हुई थी। आरोपी पति ऑटो चलाने के साथ ही पार्ट टाईम वाशिंग यार्ड पर भी काम करता है। आरोप है कि पति के कई महिलाओ से संबध है, इसकी जानकारी शादी के बाद लगने पर पीड़िता ने पति की हरकतों का विरोध किया। जब आरोपी पति उसके साथ मारपीट करते हुए शारीरिक और मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगा। बताया गया है की बीती 25 जनवरी को महिला ने पति को रंगे हाथ पकड़ लिया था। जिसके बाद उनके बीच जमकर विवाद हुआ और गुस्साई पत्नि ने जहरीला पर्दाथ खा लिया।

अचानक स्लिप हुई बाइक, चला रहे युवक की मौत

भोपाल। बैरागढ़ थाना इलाके में स्थित रेलवे स्टेशन के पास बीती दोपहर तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर स्लिप हो गई। घटना के समय बाइक पर दो युवक सवार थे, जिनमें एक की मौत हो गई, वहीं दूसरे को मामूली चोट आई है। थाना पुलिस ने बताया कि थ्री ईएमई सेंटर में रहने वाला अभिषेक सिलावट पिता ओमदीप सिलावट (22) निजी काम करता था। उसके पिता थ्री ईएमई सेंटर में प्राइवेट माली का काम करते हैं। बीती दोपहर अभिषेक अपने दोस्त के साथ बाइक से निकला था, बाइक अभिषेक चला रहा था। करीब 12 बजे बैरागढ़ स्थित जाट एरिया के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर स्लिप हो गई। हादसे में दोनो चलती बाइक सहित सड़क पर गिर गये। अभिषेक बाइक के साथ घिसट गया जिसमें उसे गंभीर चोटें आई थी।

वहीं उसके साथ बाइक पर सवार दोस्त को गंभीर चोट नहीं आई है। उसका दोस्त आसपास के लोगों की मदद से उसे इलाज के लिये चिरायु अस्पताल लेकर पहुंचा था। जहॉ डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये हमीदिया स्थित मर्चुरी भेज दिया। मंगलवार को पीएम के बाद शव परिवार वालो को सौंप दिया। पुलिस हादसे में आगे की जॉच कर रही है।

कलेक्टर सिंह ने जीआईएस तैयारियों की समीक्षा बैठक की

भोपाल। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की प्रगति की समीक्षा की गई और उन्हें समय - सीमा के भीतर समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया। स्टेट हेंगर, एयरपोर्ट, वीवीआईपी सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, आयोजन स्थल की व्यवस्थाएं, साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, अतिथियों के ठहरने और स्वागत से जुड़ी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बोर्ड परीक्षाओं के समय साइबर फ्रॉड गैंग सक्रिय, साइबर क्राइम ने जारी की चेतावनी, होगी सख्त कार्रवाई

भोपाल। मध्य प्रदेश में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले साइबर फ्रॉड गैंग एक्टिव हो गए हैं। टेलीग्राम पर इस बार फिर बच्चों के साथ ठगी का सिलसिला शुरू हो गया है। टेलीग्राम में कई ग्रुप पर दावा किया जा रहा है कि बोर्ड परीक्षा से पहले सुबह उन्हें ओरिजिनल पेपर दे दिया जाएगा, वहीं कई अन्य ग्रुप पर फीस देकर 80 प्रतिशत सवाल सही मिलने का दावा किया जा रहा है। इसे लेकर साइबर क्राइम ब्रांच ने एक एडवाइजरी जारी की है। छात्रों और नागरिकों को टेलीग्राम समूहों पर बिकने वाले फर्जी पेपरों से बचने की चेतावनी दी गई है।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने वीडियो जारी कर कहा है कि परीक्षा के समय साइबर फ्रॉड गैंग सक्रिय हो जाता है। टेलीग्राम ग्रुप्स के माध्यम से नकली प्रश्न पत्र बेचकर बड़ी रकम की ठगी करते हैं। इन ग्रुप्स में हजारों लोग जुड़े होते हैं, जिनमें कई छात्र भी शामिल होते हैं। ऐसे लोगों से छात्रों को बचाना चाहिए।

छात्रों का कैरियर लग सकता है दांव पर

साइबर क्राइम अधिकारियों का कहना है कि टेलीग्राम ग्रुप्स में जुड़कर पेपर खरीदना न केवल परीक्षा में फेल होने का खतरा बढ़ा सकता है, बल्कि छात्रों का करियर भी दांव पर लग सकता है। धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। भोपाल साइबर क्राइम के पास कई शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें टेलीग्राम ग्रुप्स के जरिए फर्जी पेपर बेचने की जानकारी सामने आई है।

पिछले साल भी इस तरह की शिकायतों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अब टेलीग्राम से संबंधित ग्रुप्स की जानकारी मांगी जा रही है, ताकि उन पर सख्त कार्रवाई की जा सके। साइबर टीम ने टेलीग्राम पर पांच एक्टिव ग्रुप्स के खिलाफ स्नढ्ढक्र भी दर्ज की है।

छात्र अपनी पढ़ाई पर दें ध्यान

साइबर क्राइम अधिकारियों ने छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और किसी भी फर्जी टेलीग्राम ग्रुप से न जुड़ें। ऐसा करने से न केवल वे धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं, बल्कि उनके भविष्य पर भी खतरा मंडरा सकता है। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार होता है या ऐसे ग्रुप्स की जानकारी रखता है, तो उसे तुरंत साइबर क्राइम विभाग में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

इस तरह किया जा रहा गुमराह

टेलीग्राम में कई ग्रुप पर दावा किया जा रहा है कि बोर्ड परीक्षा से पहले सुबह उन्हें ओरिजिनल पेपर दे दिया जाएगा, वहीं कई अन्य ग्रुप पर फीस देकर 80 प्रतिशत सवाल सही मिलने का दावा किया जा रहा है। एपमबी बोर्ड पेपर लीक ग्रुप पर पहले ग्रुप ज्वाइन करने के लिए 350 फीस ली जा रही है। हमने एक प्राइवेट ग्रुप बनाया है जिसमें कहा गया कि आप अपनी परीक्षा से संबंधित टॉप 35 प्रश्न देंगे और कुछ टॉप 50 प्रश्न देंगे, जिनमें से 70-80त्न आपके पेपर में आएंगे। हमारे ग्रुप में शामिल होने की फीस 350 रुपए है। यदि आप हमारे समूह में शामिल होना चाहते हैं, तो आप हमें नीचे दिए गए उपयोग कर्ता नाम में संदेश भेज सकते हैं और हमें बता सकते हैं हम आपको क्यूआर या यूपीआई देंगे, भुगतान करने और हमें स्क्रीनशॉट्स देने के बाद, हम आपको इसमें जोड़ देंगे, जिसके बाद पर्सनली बात करने पर युवक ने असली पेपर देने का वादा 350 रुपए में किया।

किसान ने जालसाजी कर एक ही जमीन दो लोगो को बेची

पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज किया मामला

भोपाल। शहर के खजूरी सड़क इलाके में किसान द्वारा जमीन बेचने के नाम पर जालसाजी किये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है की किसान ने जमीन का सौदा प्रॉपर्टी ब्रोकर करते हुए एग्रीमेंट कर लिया था। इसके बाद भी उसने चालाकी करते हुए यही जमीन कीरब 75 लाख में दूसरे को भी बेच दी।

जानकारी लगने पर फरियादी ने इसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन, कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई जिसके आदेश पर थाना पुलिस ने किसान के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित आम वाली मस्जिद के पास रहने वाले मोहम्मद इब्राहिम हुसैन पिता इकबाल हुसैन ने बताया की वह प्रोग्रेसिव डेवकॉन मल्टी ट्रेड प्रायवेट लिमिटेड नाम से प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करते हैं।

उन्होंने खजूरी सड़क स्थित फंदा के पास 0.75 एकड़ जमीन खरीदने का सौदा 1 मई, 2019 को जमीन के मालिक किसान मुन्नालाल मेवाड़ा से किया थी। सौदा 20 लाख 25 हजार रुपए में तय हुआ,बातचीत तय होने पर इब्राहिम हुसैन और मुन्नालाल मेवाड़ा की सहमति से दोनो के बीच एग्रीमेंट तैयार हुआ।

जमीन मालिक मुन्नालाल मेवाड़ा ने उस समय 25 हजार रुपए एंडवास लिये और बाकी रकम 36 महीने से 60 महीने के बीच दिये जाना तय हुआ था। इस अनुबंध के आधार पर फरियादी इब्राहिम हुसैन ने 2021 तक चार लाख 76 हजार रूपए की रकम का भुगतान चैक और नकद देकर कर दिया। एग्रीमेंट साल 2024 तक के लिए प्रभावी था। लेकिन इसके बाद भी साल 2022 में किसान मुन्नालाल मेवाड़ा ने यही जमीन साहब खान को बेच दी। इसकी जानकारी लगने पर फरियादी का मुन्ना लाल मेवाड़ा से विवाद हुआ।

बाद में तीनों पक्षो ने एक साथ बैठकर विवाद का हल निकालने का प्रयास किया। लेकिन कोई हल न निकलने पर फरियादी इब्राहिम हुसैन ने साल 2023 में थाना पुलिस से लिखित शिकायत कर दी।

पति की दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर नवविवाहिता ने लगाई फांसी

भोपाल। छोला मंदिर थाना इलाके में शादी के थोड़े समय बाद ही नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

घटना लगभग साढ़े तीन महीने पहले की है, पुलिस जॉच में सामने आया की आरोपी पति सौरभ अहिरवार शादी के बाद से ही मायके से डेढ़ लाख की रकम और बाइक लाने की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित कर रहा था। पुलिस ने बताया की अंजली अहिरवार (19) मूल रूप से सागर जिले की रहने वाली थी। उसकी शादी मेहनत-मजदूरी का काम करने वाले सौरभ अहिरवार निवासी छोला मंदिर स्थित प्रीत नगर से साल 2023 में हुई थी। अंजलि ने 30 अक्टूबर 2024 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के चलते इसकी जांच एसीपी निशातपुरा संभाग रिचा जैन ने की थी।

पुलिस जांच में सामने आया की आरोपी पति सौरभ अहिरवार अंजलि को शादी के बाद से ही मायके से डेढ़ लाख की नगदी और बाइक लेकर आने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा था। इसकी जानकारी मृतका ने अपने परिवार को भी दी थी।

परिचित की प्रताड़ना से तंग आकर कॉलेज छात्रा ने दी थी जान

आरोपी बना रहा शादी करने का दबाव, निजी फोटो परिजनों को भेजने दे रहा था धमकी

भोपाल। टीटी नगर पुलिस ने युवती द्वारा करीब एक महीने पहले टॉयलेट क्लीनर पीकर आत्महत्या करने के मामले में युवती के परिचित युवक के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए उकसाने का मामला कायम किया है।

आरोपी युवक उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था, युवती के इंकार करने पर वह उसके निजी फोटो परिजनों को भेजने की धमकी देने लगा। उसकी प्रताड़ना से तंग आकर ही युवती ने जहर पीकर जान दे दी थी। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तुलसी नगर में रहने वाली कीर्ति खरे पुत्री श्याम सिंह खरे (26) रीजनल कॉलेज में एमएड की पढ़ाई कर रही थीं। उसके पिता नवीन कन्या स्कूल में टीचर हैं। परिवार में एक भाई है, जिसकी शादी हो चुकी है। बीते साल 22 दिसंबर 2024 को उसने घर में रखा टॉयलेट क्लीनर पी लिया था। गंभीर हालत में परिजन उसे इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान 8 जनवरी को उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने मर्ग कायम कर कारणों की जांच शुरू की। छानबीन के दौरान युवती के परिजनों के बयान दर्ज करने के साथ ही उसके मोबाइल की सीडीआर निकलवाई गई। कीर्ति खरे के मोबाइल और उसके सोशल मीडिया के चैट को जांच के लिए भेजा गया।

जांच में पता चला कि बीते करीब तीन सालो से उसके गांव का ही रहने वाला आरोपी मनीष भास्कर उसे काफी परेशान कर रहा था। आरोपी उस पर शादी करने के लिए दबाव बना रहा था। लेकिन कीर्ति उससे शादी करना नहीं चाहती थी। मना करने पर आरोपी छात्रा को धमकाता था, कि यदि उसने उसके साथ शादी नहीं की तो वह उसकी पुरानी निजी तस्वीरें वायरल कर उसे और उसके परिवार को समाज में बदनाम कर देगा। उससे तंग आकर ही 22 दिसंबर को छात्रा ने आत्महत्या करने के लिये टॉयलेट क्लीनर पी लिया था।

फरियादी ही निकला आरोपी

भोपाल। पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कर्मचारी को अपनी प्रेमिका पर पैसे खर्च करने थे, उसने लोन के लिए अप्लाई किया लेकिन लोन नहीं मिला। तब उसने लूट की फर्जी कहानी तैयार की और पंप मैनेजर को बताया की बदमाशों ने चाकू मारकर उससे 24 हजार रुपए छीन लिए। मामला पुलिस तक पहुंचा और शुरुआती जॉच में ही फरियादी का झूठ बेनकाब हो गया।

पेट्रोल पंप कर्मचारी ने बनाई थी 24 हजार रुपये लूटने की कहानी

पुलिस जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद पुलिस ने फरियादी बनकर आये पंप कर्मचारी और उसके साथी को आरोपी बनाते हुए धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। मामला गौतम नगर थाना इलाके का है। पुलिस ने बताया कि आवास सोगानी पुत्र अरविंद (34) ने बताया की वह डीआईजी बंगला चौराहा के पास इंडियन ऑइल के पेट्रोल पंप का संचालन करते हैं। पंप पर पीयूष नाम का कर्मचारी वाहनों में पेट्रोल भरने का काम करता है। बीती 16 फरवरी की रात पीयूष चौराहे पर जाने का कहकर गया था। उस समय उसके पास कलेक्शन के 28 हजार रुपए भी रखे हुए थे। थोड़ी देर बाद वह वापास आया और पंप मैनेजर को बताया कि बाइक सवार बदमाशों ने उस पर छुरी से हमला कर रकम लूट ली है। सूचना मिलते ही पुलिस ने जॉच शुरु करने के साथ ही संर्चिग करते हुए इलाके की नाकेबंदी की लेकिन अज्ञात आरोपियो का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस की शुरुआती जॉच में पीयूष की कहानी गले नहीं उतरी। संदेह होने पर पुलिस ने उसके द्वारा बताए गए घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों को खंगाला उसमें लूट की कोई वारदात नजर आना तो दूर फरियादी बना पीयुष भी दिखाई नहीं दिया। इसके बाद पुलिस ने पीयूष से अलग अंदाज में पूछताछ की। तब उसने खुलासा किया की उसने लूट की रकम अपने मौसेरे भाई नितिन यादव और पड़ासी नरेश अहिरवार के पास रखी है। उसने दोनों को बताया था, कि वह रकम पेट्रोल पंप के कलेक्शन की है, और थाने जाने से पहले उन्हें बताकर आया था, कि वह झूठी लूट की रिपोर्ट लिखवायेगा और रकम का कुछ हिस्सा उनको भी देगा।

भारत तिब्बत सहयोग मंच ने किया पौधारोपण

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच एवं छत्तीसगढ़ प्रांत के संयोजक गिरिराज किशोर पोद्दार राजू के आह्वान पर इंद्रेश जी जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल के प्रसिद्ध गुफा मंदिर पर गोशाला में पहुँच कर गौ सेवा की पौधारोपण किया। साथ ही कर्मकांडी ब्राह्मणो के द्वारा स्वस्तिवाचन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच भोपाल जिलाध्यक्ष नितिन दुबे ने बताया कि आदरणीय इंद्रेश के जन्म दिन पर समस्त मंच के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है।

पूरे भोपाल में पूरे वर्ष भर पाँच हजार वृक्षों का ।रोपण करेंगे एवं गऊ माता की सेवा संकल्प के साथ निरंतर कार्य करते रहेंगे। कैलाश मानसरोवर की मुक्ति एवं तिब्बत की आजादी के लिए निरंतर भारत तिब्बत सहयोग मंच कार्यकर्ता रहेगा जिसमें प्रमुख रूप से मध्यप्रांत। के मंत्री चन्द्रशेखर तिवारी राधे महाराज। महिला विभाग प्रदेश संयोजक समता अग्रवाल। श्रीमती पूर्ण सिंह निधि कोसे कार्तिक सोनी गुफा मंदिर के अधिकारी महंत। बिमल दास त्यागी। गोविंद शर्मा सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बीएमएचआरसी में मरीजों को अब फोन के जरिए मिलेगी अपॉइंटमेंट की सुविधा, प्रबंधन ने जारी किया नंबर



भोपाल। भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (BMHRC) में मरीज आयुष्मान भारत निरामयम् हेल्पलाइन 1800-233-2085 पर कॉल कर किसी भी विभाग के चिकित्सक से परामर्श के लिए अप्वाइंटमेंट ले सकते हैं। अप्वाइंटमेंट लेकर आने वाले मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श में प्राथमिकता दी जाएगी और एक घंटे के भीतर डॉक्टर से मिलने की सुविधा मिलेगी।

मरीज ऐसे ले सकते हैं सुविधा लाभ

बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक, डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि गैस पीड़ित मरीज सहित कोई भी मरीज इस हेल्पलाइन पर कॉल कर आसानी से अप्वाइंटमेंट ले सकता है। अप्वाइंटमेंट प्रक्रिया के तहत, मरीज को सबसे पहले यह बताना होगा कि वह बीएमएचआरसी में परामर्श के लिए कॉल कर रहा है।

इसके बाद, हेल्पलाइन ऑपरेटर मरीज का नाम, शहर और परामर्श की जरूरत वाले विभाग की जानकारी लेकर निर्धारित तिथि एवं समय का अप्वाइंटमेंट प्रदान करेगा। अप्वाइंटमेंट की पुष्टि के लिए मरीज को एक SMS मिलेगा। हेल्पलाइन ऑपरेटर यह जानकारी भी देगा कि किस दिन किस विभाग की ओपीडी संचालित होती है और मरीज किस डॉक्टर से मिल सकता है।

अप्वाइंटमेंट प्रक्रिया के तहत मरीजों के लिए दिशानिर्देश

- अस्पताल पहुंचकर पहले पर्चा बनवाना होगा।
- अपनी मेडिकल रिकॉर्ड फाइल लेकर संबंधित ओपीडी में पहुंचना होगा।
- ऐसे मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श में प्राथमिकता दी जाएगी और एक घंटे के भीतर डॉक्टर से मिलने की सुविधा मिलेगी।
- प्रत्येक ओपीडी में अधिकतम 30 अप्वाइंटमेंट जारी किए जाएंगे।

24×7 हेल्पलाइन भी संचालित

बीएमएचआरसी में मरीजों व आम लोगों की मदद के लिए एक 24×7 हेल्पलाइन नंबर 0755-2740875 भी संचालित है। मरीज या आम लोग रजिस्ट्रेशन, ओपीडी समय, डॉक्टरों की उपलब्धता, विभागों की जानकारी और अन्य सेवाओं से जुड़ी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। बीएमएचआरसी कर्मचारी हेल्पलाइन पर मरीजों के प्रश्नों का जवाब देने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

प्रदेश में ठंड का असर हुआ कम 33 डिग्री पार पहुंचा पारा, चार दिन बाद पारे हो सकती है गिरावट

भोपाल। मध्य प्रदेश में ठंड का का असर कम हो गया है। 3 महीने तक चली ठंडी से अब राहत मिल गई है। प्रदेश में दिन का तापमान 33 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। सोमवार को नर्मदापुरम, खंडवा, मंडला और सिवनी सबसे गर्म रहे। वहीं, भोपाल-उज्जैन में भी तापमान 31 डिग्री से अधिक रहा। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 4 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। 22-23 फरवरी से ठंड का तीसरा दौर आ सकता है। जिससे पारे में फिर गिरावट होगी। हालांकि ज्यादा ठंड नहीं पड़ेगी।

मंडला रहा प्रदेश का सबसे गर्म शहर

मध्य प्रदेश मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सोमवार को प्रदेश के सभी शहरों में पारे में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 31.8 डिग्री, इंदौर में 30.8 डिग्री, ग्वालियर में 29.6 डिग्री, उज्जैन में 31.5 डिग्री और जबलपुर में 30.4 डिग्री रहा। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 33.6 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला में 33.5 डिग्री, खंडवा में 33.1 डिग्री और सिवनी में 33 डिग्री रहा।

इसी तरह दमोह में 32 डिग्री, रतलाम में 32.2 डिग्री, दमोह में 32.0 डिग्री, सागर-उमरिया में 32.1 डिग्री दर्ज किया गया। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। ज्यादातर शहरों में तापमान 12 डिग्री से अधिक ही है।

अब ठंड आखिरी पड़ाव पर

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदेश में अब ठंड आखिरी पड़ाव पर है।अगले 4 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। 19 फरवरी से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस जरूर एक्टिव हो रहा है। जिसके असर से 22-23 फरवरी से पारे में दो से तीन डिग्री की गिरावट हो सकती है। फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होते हैं। अबकी बार भी ऐसा ही है। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। फिलहाल बारिश होने के आसार नहीं है।

बांके बिहारी यादव समाज समिति के कोषाध्यक्ष चुने गए मनीष यादव

भोपाल। भोपाल बांके बिहारी यादव समाज समिति मध्यप्रदेश के चुनाव विधायक विश्राम गृह खंड एक में चुनाव अधिकारी प्रभात कुमार यादव व गगन यादव की देख रेख में संम्पन्न हुए। जिसमे मनीष यादव को बांके बिहारी यादव समाज समिति का कोषाध्यक्ष निविरोध चुना गया है जिससे बांके बिहारी यादव समाज में बहुत उत्सव का माहौल है। बांके बिहारी यादव समाज समिति के अध्यक्ष गंगा सागर यादव ने मनीष यादव को समाज को और गति देने के लिए और आगे बढ़ने की लिए शुभकामनाएं दी।

विवादों के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति

केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर दी है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण नियुक्ति की कार्रवाई टालने का अनुरोध कमेटी से किया था। नेता प्रतिपक्ष के अनुरोध को सरकार ने नहीं माना और बहुमत के आधार पर नियुक्ति कर दी है। लोकतंत्र की सफलता स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर निर्भर करती है। भारत में इस जिम्मेदारी को निभाने का दायित्व चुनाव आयोग के पास संवैधानिक रूप मे है। हाल ही में सरकार ने बहुमत के आधार पर चुनाव आयोग में महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बनाया गया है। यह नियुक्त ऐसे समय पर हुई है जब चुनाव आयोग को लेकर सबसे ज्यादा विवाद की स्थिति देखने को मिल रही है। चुनाव आयोग भारतीय लोकतंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता का सबसे बड़ा प्रहरी है। चुनाव आयोग लोकतंत्र के लिए रीड की हड्डी की तरह है। इसकी जिम्मेदारी केवल चुनाव कराना नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है, सभी राजनीतिक दल, प्रत्याशी, आचार संहिता का पालन करें। आम जनता को चुनाव पर विश्वास हो। हर नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर पाए। यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति ऐसे समय पर हुई है जब चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली को लेकर देश की विभिन्न हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में सरकार द्वारा बनाये गए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए जो कानून बनाया गया है। उसको सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। उसकी सुनवाई 18 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में हो रही है। मामला न्यायालय में लंबित होने के बाद भी सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की आपत्ति के बाद, बहुमत के आधार पर नियुक्ति कर दी है जिसके कारण इस नियुक्ति पर विवाद गहरा गया है। पहली बार पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन सेशन ने चुनाव आयोग के अधिकार बताए। निष्पक्ष चुनाव कैसे कराए जाते हैं, यह उन्होंने करके दिखा दिया था। टीएन सेशन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे। तब सरकार और राजनेता उनके फैसलों से घबराते थे। उन्होंने चुनाव के दौरान सभी की जिम्मेदारी तय करके जवाब देह बनाया था। पिछले कुछ वर्षों से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार विवाद सामने आये हैं। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नजर अंदाज करते हुए जिन तीन लोगों की कमेटी बनाने का जो आदेश सरकार को दिया था। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करते हुए जो कानून बनाया। जिसमें प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त एक केंद्रीय मंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने का अधिकार दिया गया। इस कानून के बनने के बाद से ही इसका विरोध शुरू हो गया था। सुप्रीम कोर्ट में सरकार के इस कानून को चुनौती दी गई है। चुनाव आयोग की नियुक्ति में सरकार का बहुमत होने के कारण निष्पक्ष चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर सवाल खड़े किए गए। सरकार ने जो चुनाव आयुक्तों नियुक्ति की थी। वह अभी भी सुप्रीम कोर्ट में विवादित है। मुख्य चुनाव आयुक्त पर निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की जिम्मेदारी होती है। विपक्षी राजनीतिक दल सरकार द्वारा बनाए गए कानून का विरोध कर रहे हैं। पूर्व में जिस तरह की नियुक्ति की गई है, उसका भी विरोध कर रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के जो चुनाव हाल ही में हुए हैं। उसको लेकर चुनाव आयोग के ऊपर तरह-तरह के आरोप हैं। चुनाव आयोग द्वारा विपक्षी दलों को कोई जानकारी और स्पष्टीकरण नहीं दिया जा रहा है। सरकार और चुनाव आयोग पारदर्शिता को खत्म कर जानकारी भी देना नहीं चाहती है। जिसको लेकर चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एवं कार्यप्रणाली पर विपक्षी दलों में अविश्वास है। हाल में संपन्न हुए चुनाव में ईवीएम और वीवीपैट को लेकर कई तरह की शंकाएँ उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा व्यक्त की गई हैं। मतदाताओं के नाम काटने और जोड़ने को लेकर तरह-तरह के आरोप लगाए गए हैं। इस स्थिति में सरकार ने जिस तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की है। उससे चुनाव की विश्वसनीयता खत्म होंगी। जो चिंता का विषय है।

5 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए

एजुकेशन कंपनी फ़िजिकसवाला (पीडब्लू) ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 परीक्षा में अपने नतीजे घोषित किये हैं , जिनमें से एक ने गुजरात से 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है 7 साथ ही 612 से अधिक छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 1359 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 3548+ छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, और परिणामों की गिनती अभी भी जारी है। भोपाल में फिजिक्सवाला के 5 छात्रों ने जेईई मेन सेशन 1 2025 के परिणामों में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वीर मनावत (99.89), आदित्य यादव (99.81), और अरुन चौहान (99.49) भोपाल में पीडब्लू के शीर्ष 3 छात्रों में शामिल थे। चार राज्य टॉपर्स अपनी शानदार उपलब्धियों के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं 7 गुजरात के शिवेन विकास तोशनीवाल ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए, मिजोरम के इशांत वर्मा ने 99.57 पर्सेंटाइल हासिल किए, अरुणाचल प्रदेश के प्रणय कुमार रॉय ने 99.38 पर्सेंटाइल हासिल किए और जम्मू-कश्मीर के कामरान बिलाल भट ने 99.89 पर्सेंटाइल हासिल किए, जो पीडब्लू के मॉक टेस्ट में उनके प्रदर्शन से काफी मेल खाता है 7 इन छात्रों ने पीडब्ल्यू के ऑफ़लाइन सेंटरों (विद्यापीठ और पाठशाला) या फिर ऑनलाइन बैचों (अर्जुन जेईई और लक्ष्य जेईई) से पढ़ाई की थी। यह पीडब्लू के डिजिटल और फिजिकल लर्निंग प्लेटफॉर्म के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिससे छात्रों को सर्वोत्तम तैयारी का लाभ मिला। अलख पांडे, अध्यापक,संस्थापक और सीईओ, फिजिक्सवाला, ने कहा, सभी सफल छात्रों को बधाई! आपकी मेहनत ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं। मैं उन छात्रों पर भी गर्व करता हूं, जिन्होंने अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त किए।

भाषा सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान

भाषा सिर्फ शब्द ही नहीं हैं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, भावनाओं और पहचान को व्यक्त करती है। 21 फरवरी को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस भाषाई विविधता और अपनी मातृभाषाओं को संरक्षित करने के महत्व को मान्यता देता है। भारत में 22 आधिकारिक भाषाएं और हज़ारों बोलियां हैं, और इस दिन का खास महत्व है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हमारी भाषा सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। इस अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर, एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि वो अपनी पहली भाषा पर गर्व करते हैं, उन शब्दों को सराहते हैं जो उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं, और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करते हैं कि उनकी भाषा का असली रूप आने वाली पीढ़ियों तक बना रहे।

मोबाइल शिष्टाचार भी

कल मेरे एक मित्र घर आए। मैं लैपटॉप पर कुछ काम कर रहा था। उनके आते ही मैंने उसे बंद कर उनका अभिवादन किया। दुआ-सलाम भी ठीक से नहीं हुई थी कि उनका फोन घनघना उठा और वह व्यस्त हो गए। बात खत्म होने के बाद भी वह निरपेक्ष भाव से सिर झुकाए मोबाइल पर कुछ खोजने की मुद्रा में रहे। इधर मैं बात के इंतजार में था। जब वह लगातार व्यस्त दिखे तो मैं भी कंप्यूटर को दोबारा होश में ले आया। हालांकि, मुखातिब उनकी ओर ही रहा। थोड़ी देर में वह बोले, अच्छा चला जाये। सोचिए आप किसी के घर जाएं। वह अपने दस काम छोड़ आपकी अगवानी करे, और आपका फोन है कि आपको छोड़ ही नहीं रहा। मान लीजिए इसका उल्टा हो जाए। आप किसी के यहां जाएं और वह अपने फोन पर व्यस्त रहे तो...। घर के अलावा हालत यह है कि कुछ लोग ऑफिस पहुंच कर भी अपने फोन से बाहर नहीं निकल पाते। बहुत जरूरी सूचना की तो बात अलग है, लेकिन बेकार के मीम या क्लिप में समय बिताना कितना ठीक है? जानकारों, मनोवैज्ञानिकों ने इस लत के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। फोन का भी अपना शिष्टाचार होना चाहिए। सबसे पहले तो फोन आने या करने पर अपना स्पष्ट परिचय दें। फोन करते समय सामने वाले का गर्मजोशी और खुशदिली से अभिवादन करें। बात करते समय किसी का भी तेज बोलना या चिल्लाना अच्छा नहीं माना जाता। गलती से गलत नंबर लग जाए तो क्षमा जरूर मांगें। जब भी आपसे कोई आमने-सामने बात कर रहा हो तो मोबाइल पर बेहद जरूरी कॉल को छोड़ न ज्यादा बात करें न ही स्क्रॉल करें। वहीं ड्राइविंग के वक्त, खाने की टेबल पर, बिस्तर या टॉयलेट में तो खासतौर पर मोबाइल न ले जाएं। अपने कार्यस्थल या मीटिंग के दौरान फोन साइलेंट या वाइब्रेशन पर रखें और मैसेज भी न करें। धार्मिक स्थलों, बैठकों, अस्पतालों, सिनेमाघरों, पुस्तकालयों, अन्त्येष्टि इत्यादि पर बेहतर है कि फोन बंद ही रखा जाए।

श्री गुरुजी माधव सदाशिव राव गोलवलकर शक्तिशाली भारत के कल्पक

डॉ. प्रवीण गुगनानी

श्री गुरुजी, माधव सदाशिव राव गोलवलकर, शक्तिशाली भारत की अवधारणा के अद्भुत, उद्भट व अनुपम संवाहक थे। वे भारत की सौम्यता, अनेकता में एकता, समरसता के मर्मज्ञ थे। श्री गुरुजी के संदर्भ में थे शब्द कहना सर्वथा अनुचित होगा, वे आज भी हमारे मध्य; पराक्रमी भारत, ओजस्वी भारत, अजेय भारत, निर्भय भारत, संपन्न-समृद्ध-स्वस्थ भारत व राष्ट्रवाद भाव के झर-झर बहते निर्झर झरने बने हुए हैं। वे शक्तिशाली भारत के अग्रदूत, संवाहक, प्रणेता के रूप में आज भी हमारे मध्य हैं, एक वैचारिक मूर्ति के रूप में। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी के संदर्भ में, शक्तिशाली भारत की अवधारणा के संवाहक, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पुस्तक श्रीगुरूजी एक स्वयंसेवक में लिखते हैं ङ्क राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन 1925 में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने की थी, लेकिन इसे वैचारिक आधार द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'श्रीगुरुजी' ने प्रदान किया था। द्वितीय विश्वयुद्ध, भारत छोड़ो आंदोलन, आजाद हिंद फौज और नेताजी का देश की आजादी में योगदान, भारत विभाजन, देश की आजादी, कश्मीर विलय, गांधी हत्या, देश का पहला आम चुनाव, चीन से भारत की हार, पाकिस्तान के साथ 1965 व 1971 की लड़ाई; भारत का इतिहास बदलने और बनाने वाली इन घटनाओं के महत्त्वपूर्ण काल में न केवल श्रीगुरुजी संघ के प्रमुख थे, बल्कि अपनी सक्रियता और विचारधारा से उन्होंने इन सबको प्रभावित भी किया था। शक्तिशाली भारत की श्री गुरुजी की अवधारणा को अटलबिहारी वाजपेयी व नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी हुई कोई आधा दर्जन केंद्रीय सरकारों ने मात्र ही स्वीकार नहीं किया; अपितु, इस अवधारणा को उन्होंने अपना गीता-रामायण माना हुआ है। शक्तिशाली राष्ट्र की गुरुजी की अवधारणा को स्वतंत्रता संघर्ष के मध्य ही कांग्रेस ने, व स्वतंत्रता के पश्चात बनी हुई नेहरूजी व शास्त्रीजी की सरकारों ने भी स्वीकार किया है। यद्दपि नेहरू ने तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाने व श्री गुरुजी को जेल में बंदी बनाने जैसा पाप भी किया था किंतु इसके बाद उन्होंने गोलवलकर गुरुजी का अभिनंदन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को वर्ष 1963 की गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेने हेतु आमंत्रित भी किया था।

वस्तुत: श्री गुरुजी के नेतृत्व काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बढ़ती लोकप्रियता, स्वीकार्यता, मान्यता को देखकर नेहरूजी के हृदय में कुटिलता व डाह के भाव आने लगे थे। नेहरू जिस प्रकार की छुद्र, अंग्रेज-मुस्लिम परस्त राजनीति किया करते थे; श्रीगुरुजी उसके विरुद्ध थे। नेहरू जी ने संघ व श्रीगुरुजी को अपनी सत्ता के प्रति आसन्न असुरक्षा के भाव से ग्रसित होकर ही गांधीजी की हत्या के बाद श्रीगुरुजी को गिरफ़्तार कर संघ को प्रतिबंधित किया था। गांधी जी की हत्या व हत्या के आरोप में संघ पर प्रतिबंध लगाना, आज भी एक उनसुलझा रहस्य ही है। इस रहस्य का एक सूत्र गांधीजी की हत्या के ठीक एक दिन पूर्व के नेहरू के एक भाषण में भी है, जिसमें नेहरू ने संघ को कुचलने की बात कही थी। नेहरू जी का संघ को कुचलने वाला भाषण देना, चौबीस घंटे के भीतर गांधी जी की हत्या होना और संघ पर प्रतिबंध लगाकर श्रीगुरूजी को गिरफ़्तार कर लेना; एक अनसुलझी गुत्थी ही है। गांधी जी की हत्या व इस संदर्भ में संघ पर प्रतिबंध, यह पहेली, क़ानूनी दृष्टि से असुलझी लग सकती है किंतु भीतरखाने के सच जानने वाले तत्कालीन राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता इस संदर्भ में दबी जबान बहुत कुछ कहा-सुना करते थे। विकसित भारत की नेहरू की परिकल्पना पर श्रीगुरूजी का शक्तिशाली भारत की योजना; कल्पक, अत्यंत भारी, परिणामकारी व युगांतरकारी है। श्री गुरुजी की यह योजना, नेहरू की अंग्रेज व मुस्लिम परस्त नीतियों पर बहुत भारी पड़ती हुई दिखने लगी थी। सार्वजनिक चौक-चौराहों, सड़क-संसद, मठ-मंदिर, व्यावसायिक परिसरों आदि सर्वत्र स्थानों पर श्री गुरुजी की शक्तिशाली भारत की योजना की चर्चा में भारतीय न केवल रुचि लेने लगे थे, अपितु, श्रीगुरूजी के प्रति भारतीयों में श्रद्धा का वातावरण बनता जा रहा था। यह सब तब था जबकि, श्रीगुरूजी का प्रत्यक्ष राजनीति से कोई सीधा संबंध नहीं था। नेहरू जी को भय था कि, देश के आगामी प्रथम लोकसभा चुनाव में उनकी सर्वोच्चता को केवल तीन लोग चुनौती दे सकते थे; वे तीन व्यक्ति थे ङ्क पहले श्री गुरुजी, गांधीजी व बाबासाहेब अंबेडकर जी। इन तीनों के प्रति नेहरूजी ने तरह-तरह की ज्ञात-अज्ञात दुरभिसंधियाँ की थीं।

श्रीगुरूजी के कृतित्व को नेहरू जी व भारत की समूची जनता ने, भारत-कश्मीर विलय में उनकी भूमिका से देख लिया था। प्रसिद्ध लेखक, संदीप बोमजाई, -डिसइक्यिलीब्रियम = वेन गोलवलकर रेसक्यूड हरि सिंह में लिखते हैं, सरदार पटेल की पहल पर श्रीगुरूजी ने 18 अक्तूबर, 1947 को महाराजा हरि सिंह से भेंट की और विलय को संभव बनाया। महाराजा हरिसिंह ने गोलवलकर से कहा, मेरा राज्य पूरी तरह से पाकिस्तान पर निर्भर है। कश्मीर से बाहर जाने वाले सभी रास्ते रावलपिंडी और सियालकोट से गुज़रते हैं। मेरा हवाई अड्डा लाहौर है। मैं भारत से किस तरह संबंध रख सकता हूँ। श्री गुरुजी ने उनसे कहा, आप हिंदू राजा हैं। पाकिस्तान के साथ विलय के बाद आपकी हिंदू प्रजा पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ेगा। सही है कि आपका भारत के साथ इंफ़्रा विकसित नहीं है किंतु इसे बनाया जा सकता है। आपके कश्मीर के हित में अच्छा यही होगा कि आप भारत के साथ अपने राज्य का विलय कर लें। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर में जो इंफ़्रास्ट्रक्चर निर्मित कर रहे हैं, वह श्री गुरुजी के इन विचारों का क्रियान्वयन ही है। अरुण भटनागर की पुस्तक, इंडिया शेडिंग द पास्ट, एम्ब्रेसिंग द फ्यूचर, 1906-2017 में भी श्रीगुरुजी की कश्मीर विलय में भूमिका, का उल्लेख है। स्वातंत्र्योत्तर भारत में श्रीगुरुजी की शक्तिशाली भारत की अवधाणा से लोग ऐसे प्रभावित होने लगे थे कि उनके प्रति श्रद्धा का ज्वार उमड़ने लगा था। 1965 के भारत चीन युद्ध में भी, प्रधानमंत्री शास्त्रीजी ने, श्रीगुरुजी से नीतिगत व सामरिक विषयों पर परामर्श करके निर्णय लिए थे। जनप्रिय प्रधानमंत्री अटलजी तो श्रीगुरूजी के समकक्ष कभी कुर्सी पर नहीं बैठते थे व नीचे ही स्थान ग्रहण करते थे। गोवा के भारत विलय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका उनकी शक्तिशाली भारत की अवधारणा का ही परिणाम था। गोवा मुक्ति आंदोलन में उस समय कांग्रेस सरकार की भूमिका राष्ट्रहित की पीठ में ही छुरा घोंपने वाली थी। गुरुजी ने तब कहा था, गोवा में पुलिस कार्रवाई करने और गोवा को मुक्त कराने का इससे ज्यादा अच्छा अवसर कोई नहीं आएगा।

लेखक, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार

डॉक्टर बनने के लिए क्यों देश छोड़ रहे भारतीय छात्र?

घरेलू मेडिकल संस्थानों में उपलब्ध कुछ सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा और इस तथ्य के कारण कि कुछ देश बहुत कम ट्यूशन फीस देते हैं, भारतीय छात्र अक्सर विदेश में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना चुनते हैं। इससे उन्हें अधिक किफायती लागत पर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिलती है।

डॉ. सत्यवान सौरभ

अन्य आकर्षक कारकों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा पद्धतियों से परिचित होना, निजी कॉलेजों में उच्च ट्यूशन फीस, अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा पद्धतियों से परिचित होना और कुछ देशों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा शामिल हैं। इसलिए, इन छात्रों का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना और भारत वापस आना है। (भले ही कुछ लोग विदेश में बसना चाहते हों, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत में चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों से बहुत अलग नहीं हो सकती है) । इसलिए, विदेशी चिकित्सा-स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने की उनकी क्षमता मुख्य चिंता है। क्या सरकार इसे समाप्त कर देगी और इसकी जगह सभी छात्रों के लिए एक परीक्षा लाएगी, चाहे डिग्री भारत से हो या विदेश से? मुख्य मुद्दा यह है कि क्या भारत में पर्याप्त योग्य चिकित्सा पेशेवर हैं या क्या इसका उद्देश्य लोगों को विदेशों में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने से रोकना है।

भारत छोड़ने वाले मेडिकल छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है, हर साल 30, 000 से अधिक छात्र विदेश जाते हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आंकड़ों के अनुसार, केवल 16 प्रतिशत विदेशी मेडिकल स्नातक फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन स्क्रीनिंग परीक्षा पास करते हैं। नीट प्रतियोगिता, उच्च ट्यूशन और घरेलू सीटों की कमी के कारण, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली त्रस्त है, जिसके कारण विदेशी शिक्षा पर निर्भरता बढ़ रही है। कम ट्यूशन लागत, सुव्यवस्थित प्रवेश प्रक्रिया और मान्यता प्राप्त डिग्री के साथ, कई देश यात्रा के लिए पसंदीदा गंतव्य हैं। इन कारकों के कारण, छात्रों की बढ़ती संख्या भारत के बाहर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करके अंतर को पाट रही है, जिससे यह गारंटी मिलती है कि वे अभी भी डॉक्टर बनने की अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। आसान आवेदन और प्रवेश प्रक्रिया के कारण भारतीय छात्र अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल कोर्स को प्राथमिकता देते हैं। छात्र अंग्रेज़ी या कोई विदेशी भाषा पढ़ सकते हैं। हर साल ट्यूशन पर लगभग 200, 000 से 300, 000 रुपये ख़र्च होते हैं। कोई कैपिटेशन शुल्क की आवश्यकता नहीं है। कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय चिकित्सा परिषद से मान्यता मिली है। छात्रों को एक बहुसांस्कृतिक सेटिंग से अवगत कराया जाता है जो उनके जीवन के अनुभवों और ज्ञान को व्यापक बनाता है। अच्छी शैक्षिक गुणवत्ता के साथ इनकी डिग्री अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार मान्यता प्राप्त है। घरेलू सीटों के लिए तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण भारतीय मेडिकल छात्र तेजी से देश छोड़ रहे हैं। भारत में छात्र भयंकर प्रतिस्पर्धा के कारण विदेशों में विकल्प तलाशते हैं, अक्सर उन देशों में जहाँ चिकित्सा नियम ढीले होते हैं। चूँकि भारत में हर 22 आवेदकों के लिए केवल एक मेडिकल सीट है, इसलिए 20, 000 से अधिक छात्र हर साल चीन, रूस और यूक्रेन जैसे देशों में विदेश में अध्ययन करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन कई अंतरराष्ट्रीय मेडिकल स्कूलों में पाठ्यक्रम की असमान गुणवत्ता से छात्रों की रोजगार क्षमता और योग्यता प्रभावित होती है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तक विदेशी स्नातकों की पहुँच में देरी होती है क्योंकि उन्हें फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन पास करना होता है और इंटर्नशिप पूरी करनी होती है। बीते साल फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन लेने वाले 32, 000 भारतीय छात्रों में से केवल 4, 000 ही योग्य थे। इन छात्रों और परिवारों के लिए, उच्च ट्यूशन लागत, अस्थिर अर्थव्यवस्थाएँ और कुछ देशों में सुरक्षा सम्बंधी खतरे बोझ हैं। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के कारण 24, 000 से अधिक भारतीय मेडिकल छात्रों को विस्थापित होना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय नुक़सान और अनिश्चित शैक्षणिक भविष्य हुआ। भारत में डॉक्टरों की कमी बदतर होती जा रही है क्योंकि अधिक विदेशी प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर वहाँ बेहतर अवसरों के कारण विदेशों में अभ्यास करना पसंद करते हैं। चिकित्सा शिक्षा की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पहला परिवर्तन चिकित्सा सीटों की संख्या का विस्तार करना है। 2025 में 10, 000 और मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी, भारत में 75, 000 अतिरिक्त सीटों का पांच साल का लक्ष्य है। वंचित क्षेत्रों में शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने के लिए किफायती मेडिकल कॉलेज स्थापित करने होंगे। नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने और टियर-2 और टियर-3 शहरों में एम्स के विस्तार से चिकित्सा शिक्षा तक पहुँच बढ़ी है। उच्च गुणवत्ता वाले निर्देश और उचित लागत को बनाए रखते हुए निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। कैरिबियन और मणिपाल कॉलेज ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (नेपाल) जैसे संस्थान प्रदर्शित करते हैं कि भारतीय संस्थान पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप मॉडल के तहत घरेलू स्तर पर विकसित हो सकते हैं।

इम्तिहान के दिन आ गए

इम्तिहान के दिन आ रहे हैं और चिंता गई है। बहुत से बच्चे तो मानते हैं कि किसी न किसी तरह इम्तिहान टल जाएं। कई बार तो ऐसा होता है कि पूरे साल मेहनत की होती है, लेकिन जैसे ही प्रश्न-पत्र सामने आता है, सब कुछ भूल जाते हैं या बहुत कुछ आते हुए भी उस समय ठीक से याद नहीं आता। ऐसी मुश्किलों से हर पीढ़ी लोग गुजरे हैं। प्रश्न-पत्र सामने आने से पहले खूब डर लगता था। दिल की धड़कनें बढ जाती थीं। पेपर से पहले रात भर तरह-तरह की चिंता में नींद नहीं आती थी। डर लगा रहता था कि कहीं कुछ पढ़ने से रह न गया हो। तब बड़े समझाते थे कि तुम्हें सब आता है, घबराओ मत। प्रश्न-पत्र जब मिलेगा, तब सारा डर खुद-ब-खुद खत्म हो जाएगा। पूरे भरोसे से परीक्षा देना। पहले ध्यान से पूरे प्रश्न-पत्र को पढ़ना । जो आता हो, उसे सबसे पहले करना। बच्चे भी पूरी रात जागकर पढ़ाई करते थे और जब सुबह होती थी तो नींद आने लगती है। परीक्षा देने जाते वक्त रास्ते भर सिर्फ यही सोचते रहते थे कि कैसा प्रश्न-पत्र आएगा। इन दिनों भी बच्चों को इस तरह की परेशानियां और चिंताएं बहुत होती हैं। इम्तिहानों के डर से बहुत से बच्चे घर तक से भाग जाते हैं या बीमार पड़ जाते हैं। इसीलिए इन दिनों सीबीएसई और तमाम राज्य सरकारें इम्तिहान के दिनों में बच्चों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करती हैं। तमाम एफएम चैनल्स में मनोवैज्ञानिक और काउंसलर बच्चों की मदद के लिए मौजूद रहते हैं। इम्तिहान के समय होने वाली चिंता, समय पर कुछ न याद आना, प्रश्न-पत्र देखते ही सब कुछ भूल जाने को अंग्रेजी में %टेस्ट एंग्जाइटी% कहते हैं। बताया जाता है कि सोलह से बीस फीसदी तक बच्चे तरह-तरह की एंग्जाइटी के शिकार होते हैं। अमेरिका में दस से लेकर चालीस फीसदी तक बच्चे टेस्ट एंग्जाइटी से पीड़ित पाए गए हैं। इम्तिहानों में अच्छा कर सकें, इसके लिए थोड़ी-बहुत चिंता या तनाव तो ठीक है, लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा बढ़ जाना ठीक नहीं है। बच्चों को तरह-तरह के डर सताते हैं कि कहीं फेल न हो जाएं। नंबर अच्छे नहीं आए तो माता-पिता, दोस्तों और अड़ोसी पड़ोसियों का सामना कैसे करेंगे? वैसे भी, इन दिनों माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे के हर विषय में सौ में सौ अंक आएं। वे क्लास में ही नहीं, पूरे बोर्ड एग्जाम में टॉप करें। इस तरह की उम्मीद बच्चों का तनाव बढ़ाती हैं। न केवल तनाव, बल्कि उल्टी, पेट दर्द, जरूरत से ज्यादा पसीना आने लगता है। इससे बच्चों की सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है। एनसीआरबी की रिपोर्ट में बताया गया था कि बोर्ड के इम्तिहानों की चिंता के कारण आत्महत्या करने वाले बच्चों की तादाद तमिलनाडु में सबसे ज्यादा है। वहां बोर्ड के इम्तिहानों से पहले सौ बच्चों पर एक अध्ययन किया गया था। इनमें पचास लड़के और पचास लड़कियां थीं। इस अध्ययन में पता चला कि आठ फीसदी बच्चे ऐसे थे, जिनमें इम्तिहान की चिंता या टेस्ट एंग्जाइटी जरूरत से ज्यादा थी। इसे सीवियर टेस्ट एंग्जाइटी कहते हैं। अड़तीस फीसदी में कुछ कम और चार फीसद में मामूली थी। लड़कियों के मुकाबले लड़कों में टेस्ट एंग्जाइटी ज्यादा थी। इसके अलावा, संयुक्त परिवारों के मुकाबले, एकल परिवारों में रहने वाले बच्चे इससे अधिक ग्रस्त थे । इसका कारण बताया गया कि माता-पिता यदि बच्चों पर ध्यान न भी दे पाएं तो दादा-दादी का सहारा मिल जाता है और उन्हें इम्तिहान के दिनों में कम तनाव और चिंता होती है। संयुक्त परिवारों में रहने वाले बच्चों में सीवियर टेस्ट एंग्जाइटी पाई ही नहीं गई ।

दवाएं प्रभावी बनाने के लिए पर्यावरणीय कारकों की पहचान हो

आपको यह सुनकर जरूर आश्चर्य होगा कि हमारे पर्यावरण में मौजूद रसायन दवाओं के असर में हस्तक्षेप करते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन रसायनों की पहचान करने से दवाइयों को बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिल सकती है। आपके जीन आपकी ऊंचाई, बालों और आंखों के रंग और त्वचा की रंगत को निर्धारित करने में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं, लेकिन वे आपकी पूरी कहानी नहीं बताते हैं। आपके व्यक्तित्व, आपकी पसंद और नापसंद और आपके स्वास्थ्य को आकार देने में आपका पर्यावरण अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण है। वास्तव में, आपके ऊपर आपके आहार, सामाजिक संपर्क, प्रदूषण से संपर्क, शारीरिक गतिविधि और और शिक्षा के प्रभाव अक्सर आनुवंशिकी के प्रभावों और अन्य विशेषताओं से अधिक होते हैं जो आपको परिभाषित करती हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि हम पता लगा लें कि आपके जीन और पर्यावरण अस्थमा, हृदय रोग, कैंसर, डिमेंशिया और अन्य दशाओं के विकास की संभावना को कैसे बढ़ाते हैं, तो चिकित्सा के तौर-तरीकों में एक बड़ा बदलाव आ सकता है। जीनोमिक्स विज्ञान का एक तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। यह जीव विज्ञान की एक शाखा है जो जीनोम के अध्ययन से संबंधित है। जीनोम एक जीव के डीएनए का पूरा सेट होता है, जिसमें उसके सभी जीन और अन्य डीएनए सीक्वेंस शामिल होते हैं।

जीनोमिक्स में जीनोम की संरचना, कार्य और विकास का अध्ययन किया जाता है। इसमें जीनों की पहचान, उनके कार्यों का विश्लेषण और जीनोमिक डेटा के विश्लेषण के लिए कंप्यूटर तकनीकों का उपयोग शामिल है। जीनोमिक्स का उपयोग करके नई दवाओं और उपचारों का विकास किया जा सकता है। जीनोमिक्स का उपयोग करके फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। पारिस्थितिकी जीनोमिक्स का उपयोग करके पारिस्थितिक तंत्र की समझ में सुधार किया जा सकता है। जीनोमिक्स के क्षेत्र ने बीमारी के जोखिम से जुड़ी आनुवंशिक विविधताओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए अस्पताल और घर दोनों में परीक्षण करना अपेक्षाकृत सरल बना दिया है। हाल के वर्षों में, विज्ञान कई बीमारियों के जोखिम को बढ़ाने वाले पर्यावरणीय अपराधियों को ट्रैक करने और आपके व्यक्तिगत पर्यावरणीय जोखिमों के आधार पर उपचारों को अनुकूलित करने के तरीकों की पहचान करने में प्रगति कर रहा है। जीनोमिक्स के साथ ही एक्सपोसोमिक्स भी एक उभरता हुआ विज्ञान है जो आपके जीव विज्ञान को प्रभावित करने वाले सभी भौतिक, रासायनिक, जैविक और सामाजिक कारकों का अध्ययन करता है। एक्सपोसोम दरअसल एक अवधारणा है जिसमें आपके सभी पर्यावरणीय जोखिम शामिल होते हैं। जैसे शोधकर्ता जीनोमिक्स का अध्ययन करने के लिए डीएनए सीक्वेंसर का उपयोग करते हैं, वैसे ही एक्सपोसोमिक्स में वैज्ञानिक

मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

शासकीय कर्मचारियों के लिए लेखा परीक्षण 1 अप्रैल से आवेदन पत्र 15 मार्च तक आमंत्रित

ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)। ग्वालियर एवं चंबल संभाग के संबंध में शासकीय कार्यालयों के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। लेखा प्रशिक्षण हेतु इच्छुक कर्मचारी अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से अपना आवेदन पत्र 15 मार्च 2025 तक निर्धारित प्रारुप में लेखा प्रशिक्षण शाला ग्वालियर कार्यालय में प्रस्तु कर सकते हैं। इसके लिए प्रारुप कार्यालयीन समय में लेखा प्रशिक्षण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला ग्वालियर ने बताया है कि लेखा प्रशिक्षण के लिए कर्मचारी न्यूनतम शैक्षाणिक योग्यता हायर सेकेण्ड्री उत्तीर्ण होने के साथ ही हिन्दी मुद्रण लेखन परीक्षा उत्तीर्ण एवं एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तर्ण होना अनिवार्य है। लेखा परीक्षा के लिए एक वर्ष की नियमित शासकीय सेवा अनिवार्य रहेगी। 40/45 से अधिक आयु होने पर टायपिंग परीक्षा से छूट रहेगी। आवेदन के साथ आधार कार्ड की प्रतिलिपी स्वयं प्रणामिक लगाना अनिवार्य है। लेखा परीक्षण के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में लेखा प्रशिक्षण कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

मत्स्य पालकों एवं मत्स्य पालन से जुड़ी संस्थाओं के पंजीयन के लिए 20 फरवरी को शिविर का आयोजन

जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के तहत मत्स्य क्षेत्र के औपचारिकी करण के लिए विकसित किये गए नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म पर मत्स्य पालकों एवं मत्स्य पालन से जुड़ी संस्थाओं के पंजीयन के लिए गुरूवार 20 फरवरी को कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जबलपुर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग तरूणकांत पटेल ने बताया कि कार्यालयीन समयावधि में आयोजित इस शिविर में जिले के मत्स्य पालकों, मत्स्य विक्रेताओं, मछुआ समूहों एवं मछुआ सहकारी समितियों के सदस्यों का नि:शुल्क पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए मत्सोद्योग से सम्बंधित व्यापारियों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं आधार से लिंक मोबाईल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। पोर्टल पर पंजीयन के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के कॉमन सर्विस सेंटर के सहयोग एवं कार्यालय में निरंतर किया जा रहा है। श्री पटेल ने जिले में मत्स्य पालन की गतिविधियों में संलग्न सभी मछुआरों से इस शिविर का लाभ उठाकर पंजीयन कराने की अपील की है।

कलेक्टर सिंह ने निर्माणरत मेडीसिटी का निरीक्षण किया

उज्जैन (मध्य स्वर्णिम)। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने मंगलवार को आगर रोड स्थित निर्माणरत मेडीसिटी का निरीक्षण किया। जानकारी दि गई कि आगामी जुलाई माह तक स्लेब डाले जाने का कार्य पुर्ण हो जाएगा। कलेक्टर सिंह ने निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पुर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, सीएमएचओ डॉ अशोक कुमार पटेल, निर्माणकर्ता एजेंसी के इंजीनियर एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत अंबोदिया में जल संरक्षण कार्यो का निरीक्षण किया

उज्जैन (मध्य स्वर्णिम)। मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत अम्बोदिया में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यों के लिए गंभीर डेम के बेक वाटर वाले स्थान के गहरीकरण, प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार करने के निर्देश दिए एवं ग्राम पंचायत अम्बोदिया में स्वीकृत नवीन राजीव गांधी सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत भवन के कार्य का निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होंने ग्राम सोढंग में प्राचीन तालाब के साफ सफाई व सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए, तत्पश्चात ग्राम कमेड़ में आजीविका मिशन की गतिविधियों के लिए बनने वाले भवन और व्यावसायिक काम्प्लेक्स के लिए उपयुक्त भूमि का स्थल निरीक्षण कर कार्य की तकनिकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति करवाने के निर्देश दिए गए।

सेंडविच से कॉकरोच निकला तो मच गया बवाल

उज्जैन (मध्य स्वर्णिम)। नानाखेड़ा स्थित एक वेज रेस्टोरेंट के वेज चीज सेंडविच में कॉकरोच निकल आया। ग्राहक ने इस घटना के बाद रेस्टोरेंट संचालक से शिकायत करने के साथ ही खाद्य अधिकारी से भी शिकायत दर्ज कराई है। ग्राहक ने कॉकरोच की फोटो और वीडियो भी अधिकारियों के साथ शेयर की हैं। यह घटना अब सोशल मीडिया पर भी खूब सुर्खियां बटोर रही है। उज्जैन के नानाखेड़ा क्षेत्र में अनेक रेस्टोरेंट संचालित हो रहे हैं। ऐसा ही एक रेस्टोरेंट सागर गेरे नाम से है। उज्जैन के रवि बेदी और यश वाणी ने इस रेस्टोरेंट से 135 रुपए का एक वेज सेंडविच ऑर्डर किया था। सेंडविच बनने के बाद दोनों उसे घर ले गए। यश के अनुसार उसने घर पर सेंडविच को खाना शुरू ही किया था उसके मुंह में कॉकरोच आ गया। यश ने बताया कि मुझे लगा कि बाल मुंह में आया है, लेकिन देखा तो सेंडविच के अंदर कॉकरोच था। जैसे ही उसने कॉकरोच देखा उसके होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने बिलकुल भी देर नहीं की। पूरा पैकेट वापिस पैक कर रेस्टोरेंट पहुंच गए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर प्रतिदिन लगा रहा है विधिक जागरुकता शिविर

मेला घूमने के लुफ्त के साथ ही सैलानी को मिल रही विधिक जानकारी

ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)। श्रीमंत माधवराव ग्वालियर व्यापार मेले में घूमने आने वाले सैलानियों को मेले के आनंद के साथ-साथ विधिक सहायता की जानकारी भी उपलब्ध हो रही है। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर व प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पीसी गुप्ता के निर्देशन व जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दीपक शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर द्वारा श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में लगाई गई विधिक जागरुकता प्रदर्शनी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री प्रवीण मित्तल, श्री गिर्राज सिंघल, श्री ओम प्रकाश भार्गव, श्री आदित्य सिंह, श्री शैलेन्द्र सिंह सिकरवार व श्री सन्नी पुरोहित द्वारा पैरा लीगल वालेंटियर्स के सहयोग से प्रतिदिन विधिक जागरुकता शिविरों का आयोजन कर मेले का लुफ्त उठाने आने वाले सैलानियों को विधिक जानकारी भी प्रदान की जा रही है। विधिक जागरुकता को विधिक जागरूकता प्रदर्शनी का अवलोकन कराया जा रहा है। विधिक जागरूकता प्रदर्शनी में नालसा एवं सालसा की योजनाओं एवं विभिन्न दैनिक उपयोगी कानूनों की जानकारी से संबधित फ्लेक्स लगाये गये हैं। मेला प्रदर्शनी में फ्लेक्स लगाकर टोल फ्री नंबर 15100 भी दिखाया गया है। साथ ही विधिक जागरुकता प्रदर्शनी में प्रोजेक्टर के माध्यम से भी विभिन्न विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। मंगलवार, शनिवार, रविवार एवं सार्वजनिक अवकाश के दिनों में बड़ी संख्या में सैलानियों को विधिक जागरूकता प्रदर्शनी से लाभान्वित हो रहे हैं। रविवार को जिला विधिक सहायता अधिकारी ग्वालियर श्री दीपक शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी शिवपुरी श्री वीरेन्द्र चड़ार, सहित अस्टिटेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल आदित्य सिंह, देवकृष्ण सिकरवार सहित पैरा लीगल वालेंटियर्स ने विधिक जागरुकता प्रदर्शनी सैलानियों को विधिक जानकारी प्रदान की।

बच्चों के लिए दस्तक अभियान का द्वितीय चरण हुआ प्रारंभ

अभियान के दौरान विटामिन-ए अनुपूरण 9 माह से 5 वर्षीय समस्त बच्चों का किया जाएगा

इन्दौर (मध्य स्वर्णिम)।

सम्पूर्ण प्रदेश के साथ-साथ इंदौर जिले में भी विगत 18 फरवरी को दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के दौरान विटामिन-ए अनुपूरण 9 माह से 5 वर्षीय समस्त बच्चों का किया जाएगा तथा एनीमिया फॉलोअप परीक्षण उन बच्चों का किया जाएगा जो दस्तक अभियान के प्रथम चरण में अल्प, मध्यम एवं गंभीर एनीमिक बच्चों के रुप में चिह्नित किए गए थे। एनएफएसएस-5 के अनुसार प्रदेश में 72.7 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से ग्रस्त हैं और प्रथम चरण की रिपोर्ट के अनुसार 54 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से ग्रस्त हैं, जिसमें से 0.4 प्रतिशत बच्चों में गंभीर एनीमिया है। इसका दुष्परिणाम यह है कि बच्चों में चिड़चिड़ापन, भूख में कमी, बच्चों का जल्दी थक जाना, सांस फूलना, आम बीमारी जैसे- सर्दी-खांसी, उल्टी, दस्त आदि बार-बार होना, उम्र के अनुसार शारीरिक एवं मानसिक विकास न होना, शरीर में सूजन आना जैसे लक्षण सम्मिलित हैं। 09 माह से 05 वर्षीय समस्त बच्चों को विटामिन-ए का अनुपूरण आयु अनुसार किया जाएगा। आहार से प्रतिदिन की आवश्यकता के कुल 50 प्रतिशत ही विटामिन-ए की पूर्ति हो पाती है। इसकी कमी से दस्त एवं खसरे के प्रकरणों में बढ़ावा मिलता है, बच्चों में रतौंधी, कार्निया का नष्ट होना एवं अंधत्व प्रमुख कारण हैं। रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है और संक्रमण की अधिकता हो जाती है। संक्रमणजनित एनीमिया में भी वृद्धि होती है और बच्चों का विकास भी प्रभावित होता है। विटामिन-ए की कमी का प्रमुख कारण माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध, (खीस न पिलाना), पहले 06 माह में केवल स्तनपान न करना, 06 माह के बाद पूर्ण रुप से स्तनपान बंद कर देना, बच्चों को खिलाए जाने वाले आहार में विटामिन-ए युक्त भोजन का न होना, बार-बार खसरा एवं दस्त जैसा संक्रमण होना।

आपसी सुलह और समझौते के साथ न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के लिए 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत

आयोजन की तैयारियां प्रारंभ- जिला न्यायालय में हुई बैठक

इन्दौर (मध्य स्वर्णिम)।

न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के आपसी सुलह और समझौते के साथ निराकरण के लिए आगामी 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत के आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। यह लोक अदालत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय वास्तव इन्दौर के मार्गदर्शन में आयोजित होगी। इसके तहत जिला न्यायालय इन्दौर, श्रम न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं तहसील स्तर पर तहसील न्यायालय, डॉ. अम्बेडकर नगर, देपालपुर, सांवेर व हातोद में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरण राजीनामे हेतु रखे गये हैं, जिनके अंतर्गत राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, मोटर दुर्घटना क्लेम, विद्युत, चेक बाउंस, बैंक रिकवरी, जलकर, भू-अर्जन, वैवाहिक, अन्य प्रकरणों के साथ ही बैंक रिकवरी, विद्युत, व अन्य से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरण राजीनामे के आधार पर निराकरण हेतु रखे जा रहे हैं।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 133 आवेदन दिये

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड की जनसुनवाई

जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, एसडीएम जबलपुर अभिषेक सिंह, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेन्द्र अहके, श्रीमती शिवाली सिंह व गोरखपुर एसडीएम पंकज मिश्रा को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 133 आवेदन दिये। जिसमें 93 नये आवेदन हैं तथा 40 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर अवैध कब्जा हटाने, आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति भुगतान, बंटवारा, सीमांकन, लड़ाई-झगड़ा, ड्रोन सर्वे में छूटे गये नाम जोड़ने में, संबंल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि भुगतान करने, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। अपर कलेक्टर गोंड ने पुराने 25 आवेदनों की अलग से सुनवाई की जिसमें मुख्य रूप से रास्ता खुलवाने, नक्शा बटांकन, नामांतरण, किसान फसल ऋण माफी योजना, ग्रेजुएटी राशि दिलाने, अतिक्रमण व नालियों की सफाई, पेंशन भुगतान, नक्शा सुधार, अवैध कब्जा हटाने, पीएम किसान की राशि दिलाने, बिजली कनेक्शन दिलाने आदि आवेदन शामिल थे।

खास मौके पर रिलीज हुआ अभिनेता अक्षय कुमार का महाकाल चलो गीत, भक्ति में डूबे नजर आए खिलाड़ी

यूट्यूब पर गाने को रिलीज के कुछ ही घंटों में हजारों लोगों ने देखा और लाइक किया

उज्जैन (मध्य स्वर्णिम)।

अक्षय कुमार का नया गाना महाकाल चलो 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के खास मौके पर रिलीज हुआ है, और यह गाना हर जगह चर्चा का विषय बना हुआ है। इस गाने में अक्षय कुमार भगवान शिव की भक्ति में पूरी तरह से डूबे हुए नजर आ रहे हैं। गाने के पोस्टर में वह शिवलिंग को पकड़े हुए हैं और महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दे रहे हैं। इस गाने के माध्यम से वह न केवल बाबा महाकाल के चमत्कारों को दिखा रहे हैं, बल्कि लोगों को भी महाकाल की भक्ति करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गाने का संगीत बहुत ही प्रभावशाली तरीके से तैयार किया गया है और इसमें महाकाल मंदिर, महाकाल लोक, और भगवान महाकाल का अभिषेक भी दर्शाया गया है। इस गाने को अक्षय कुमार ने खुद गाया है, और इसमें पलाश सेन और विक्रम मोंट्रो की भी आवाजें हैं। गाने के बोल शेखर अस्तित्व ने लिखे हैं, और इसका संगीत विक्रम मोंट्रो ने दिया है। गाने के म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है, और यह वीडियो बहुत ही शानदार तरीके से फिल्माया गया है। गाने की लय और संगीत दोनों ही मिलकर एक ऐसी भक्ति की भावना उत्पन्न करते हैं, जो सुनने वालों के दिल को छू जाती है। गाने के रिलीज होने के बाद से ही यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग इसकी तारीफें कर रहे हैं। अक्षय कुमार के इस गाने का सोशल मीडिया पर बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। यूट्यूब पर गाने को रिलीज के कुछ ही घंटों में हजारों लोगों ने देखा और लाइक किया है। दर्शक अक्षय कुमार की आवाज को बेहद पवित्र और शांति देने वाली मान रहे हैं। एक फैन ने लिखा, आपकी आवाज़ में जो शांति है, वह बहुत ही अलग और अद्भुत है, और हर नोट के साथ रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इसी तरह कई फैंस ने अक्षय कुमार की आवाज की तारीफ की और गाने को बेहद प्रभावी बताया।

इस गाने को महाशिवरात्रि के खास मौके पर रिलीज किया गया है, और इससे पहले ही लोग इसे हर ओर सुनने लगे हैं। अक्षय कुमार की आवाज ने गाने में जान डाल दी है और उनकी भक्ति की भावना गाने में स्पष्ट रूप से महसूस होती है। कई लोग कह रहे हैं कि गाने के दमदार संगीत और अक्षय कुमार की गहरी आवाज ने इसे सुपरहिट बना दिया है। इस गाने को बहुत ही दिलचस्प और जबरदस्त तरीके से फिल्माया गया है, और यह निश्चित ही शिव भक्तों के बीच में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

घर-घर जाकर अभिभावकों से बच्चों को होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी ली जाएगी

गंभीर रोगों, शारीरिक व्याधियों से ग्रसित पाये गये बच्चों के उपचार के त्वरित प्रबंध किये जायेंगे

जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।

जिले में पांच वर्ष की उम्र तक के बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान और उनके निदान के उद्देश्य को लेकर करीब एक माह तक चलाए जाने वाले दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ हुआ। अभियान के तहत स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर दस्तक देकर अभिभावकों से बच्चों को होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी ली जाएगी तथा गंभीर रोगों, शारीरिक व्याधियों से ग्रसित पाये गये बच्चों के उपचार के त्वरित प्रबंध किये जायेंगे। जिले में दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का विधिवत शुभारंभ आज मंगलवार को रानी दुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवा डॉ संजय मिश्रा ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 18 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजित किया का रहा है। इस अवधि में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा 9 माह से 5 वर्ष की आयु के बच्चों का विटामिन-ए अनुपूरण, 6 माह से 5 वर्ष तक की आयु के चिन्हांकित एनीमिक बच्चों की डिजिटल हीमोग्लोबिनो मीटर द्वारा फालोअप जांच एवं प्रबंधन किया जाएगा। द्वितीय चरण में दस्तक अभियान के प्रथम चरण में चिन्हित किए गए एनीमिक बच्चों की भी डिजिटल हीमोग्लोबिनो मीटर के माध्यम से एनीमिया की जांच की जाएगी और फॉलोअप लिया जायेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता ने बताया कि जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलायी जायेगी। जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचल में घर-घर जाकर दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया जा रहा है। कार्यक्रम में रानी दुर्गावती चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ नीता पाराशर, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ममता गुप्ता, आरएमओ डॉ तुषार गुप्ता, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील, डीपीएम विजय पाण्डेय, संभागीय समन्वयक निहार दीवान, यूएनडीपी पीओ अतुल करकरे, संभागीय सलाहकार योगेश सराठे, यूनिसेफ संभागीय समन्वयक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, पोषण सलाहकार अंजली दीवान एवं रविशंकर कोष्टा उपस्थित रहे।

35 करोड़ रुपए से अधिक रूपए की लागत से धन्वंतरी महाविद्यालय परिसर में छात्रावास और ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा

विद्यार्थियों के अलावा सिंहस्थ मे ड्यूटीरत शासकीय कर्मचारीयों को ठहराने की सुविधा मिल सकेगी

उज्जैन (मध्य स्वर्णिम)।

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने मंगलवार को अंकपात मार्ग स्थित शासकीय धन्वंतरी आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय का निरिक्षण किया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय परिसर में लगभग 27 करोड़ रूपए की लागत से नवीन गर्ल्स और बॉयस होस्टल तथा 8.39 करोड़ रूपए की लागत से नवीन ऑडीटोरियम का निर्माण आगामी सिंहस्थ-2028 महापर्व के अंतर्गत किया जाएगा। इनके निर्माण से महाविद्यालयीन उपयोग के साथ-साथ आगामी सिंहस्थ महापर्व में ड्युटीरत शासकीय कर्मचारीयों को ठहराने की भी सुविधा मिल सकेगी। जानकारी दी गई कि उक्त निर्माण कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। बालक और बालिका छात्रावास भवन का निर्माण जी+3 मंजिल किया जाएगा तथा दोनो की क्षमता 250+250 सीटर होगी। इसके अलावा ओडिटोरियम का निर्माण 1220 स्के. मीटर में किया जाएगा तथा इसकी क्षमता 500 सीटर होगी। टेंडर प्रकिया के पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। परिसर में स्थित पुरानी बिल्डिंग को डिस्मेंटल कर नवीन भवनों का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर सिंह के द्वारा महाविद्यालय परिसर में औषधी विद्यावन, स्मार्ट क्लासेस, सैन्ट्रल लाईब्रेरी का अवलोकन किया गया।

कार्यालय नगर निगम, भोपाल
यांत्रिक विभाग

क्र. 389 /यां.वि./2024-25 भोपाल दिनांक 17/02/2025

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आंमत्रित की जाती हैं।

क्र	ऑनलाईन निविदा क्र	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	प्रपत्र राशि	कार्य हेतु निर्धारित एस. ओ.आर	कार्य की अवधि
1	2025_UAD_403167_1	Const. of RCC drain behind Elites school at green park colony ward 13 zone 03	1,27,070	2,541	1000	MPUADD BUILDING ISSR 2021	60 दिवस
2	2025_UAD_403202	Covering work of Kuaa infront of sanjeevni clinic at goutam nagar ward 13 zone 03	98,429	1,969	1000	MPUADD BUILDING ISSR 2021	60 दिवस

1- Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in
2- The Bid Documents can be purchased only online from 13:30 AM 18/02/2025 to 17:30 P.M 04/03/2025
3- Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in Only, and not in newspaper.
The initial period of 5 Years for B.T/C.C road and 3 Years for Drain/Bulding after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP)

सहायक यंत्री
जोन क्र.-03
नगर निगम भोपाल

नि.क्र. 1333/024/025

भारत के लिए अमेरिका और ब्रिक्स दोनों में संतुलन बनाना भी चुनौती

भारत को टेक्नोलॉजी, रक्षा और व्यापार के क्षेत्रों में संबंध मजबूत बनाए रखना होगा

नई दिल्ली। भारत के लिए अमेरिका और ब्रिक्स दोनों ही महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उनके साथ संबंधों का संतुलन साधना एक बड़ी चुनौती है। भारत को अमेरिका के साथ अपने आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाए रखना होगा, विशेष रूप से टेक्नोलॉजी, रक्षा और व्यापार के क्षेत्रों में। वहीं, ब्रिक्स को बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था को बढ़ावा देने और विकासशील देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत की विदेश नीति के लिए यह संतुलन ही सबसे अहम कूटनीतिक रणनीति होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त व्यापारिक रुख ने भारत के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। ट्रंप ने भारत पर जवाबी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है, जिससे दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है। अमेरिका का मानना है कि भारत कई उत्पादों पर ज्यादा टैरिफ लगाता है, जबकि अमेरिकी बाजारों में भारतीय कंपनियों को विशेष रियायतें मिलती हैं। ट्रंप पहले ही स्टील और एल्युमिनियम के आयात पर शुल्क बढ़ाकर भारतीय निर्यातकों को झटका दे चुके हैं। इस बीच, भारत ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) का भी अहम हिस्सा है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। ब्रिक्स भारत को वैकल्पिक वित्तीय तंत्र तक पहुंच देता है, जिससे पश्चिमी देशों पर उसकी निर्भरता कम होती है। इसके अलावा, ब्रिक्स भारत को नए बाजारों तक पहुंच प्रदान करता है और वैश्विक मंच पर अपनी आवाज बुलंद करने का अवसर देता है। खासकर चीन के साथ भारत के जटिल रिश्तों के बीच ब्रिक्स एक संतुलन बनाए रखने में मददगार हो सकता है।

कांग्रेस नेता उदित राज के बिगड़े बोल- कहा मायावती का गला घोंटने का समय आ गया

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता उदित राज ने उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती को लेकर विवादित टिप्पणी की है। उदित राज ने गीता में भगवान श्री कृष्ण के उपदेश का जिक्र करते हुए कहा कि मायावती का गला घोंटने का समय आ गया है। दिल्ली के पूर्व सांसद ने कहा उन्हें उनके कृष्ण ने ऐसा करने के लिए कहा है। मायावती ने उदित राज का नाम लिए बिना जवाब दिया है और बयान को गंभीरता से नहीं लेने की बात कही। उदित राज के बोल पर भाजपा ने भी आपत्ति जाहिर की है। उदित राज ने अपने एक्स पर भी अपने बयान को साझा किया है। उन्होंने सोमवार को एक्स पर लिखा, कृष्ण ने कहा था कि न्याय के लिए लड़ो, जरूरत पड़े तो अपने सगे संबंधियों को भी मार दो। बसपा की चीफ सुश्री मायावती जी ने जो सामाजिक आंदोलन का गला घोंटा है, अब उनका गला घोंटने का वक्त आ गया है। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बयान दिया। कांग्रेस नेता ने अपने बयान का वह हिस्सा भी खुद साझा किया है, जिसमें वह कहते हैं, श्रीकृष्ण ने कहा कि अपने सगे संबंधियों को कैसे मारे, कृष्ण ने कहा कि कोई सगा संबंधी नहीं है, न्याय के लिए लड़ो, मार दो अपने लोगों को ही मार दो, आज उसी मोड़ पर हमारे कृष्ण ने मुझे कह दिया है कि सबसे पहले जो अपना दुश्मन है उसे मार दो। जो सामाजिक न्याय का दुश्मन है, मैंने अपने प्रेस रिलीज में लिख दिया है, सुश्री मायावती ने जो सामाजिक आंदोलन का गला घोंटा अब उनका गला घोंटने का समय आ गया है। उदित राज के बयान के बाद बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की तीखी प्रतिक्रिया आई है। आकाश आनंद ने यूपी पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए उदित राज को गिरफ्तार करने की मांग की है।

अयोध्या राम मंदिर परिसर में ड्रोन गिरने से मचा हड़कंप

सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, मंदिर की सुरक्षा को बढ़ाया गया

अयोध्या (एजेंसी)।

अयोध्या में राम मंदिर परिसर में ड्रोन गिरने की घटना से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह ड्रोन 3 नंबर गेट के पास उड़ रहा था, तभी एंटी-ड्रोन सिस्टम की मदद से मार गिरा दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां ने जांच शुरू कर दी गई है। सोमवार शाम जब श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रामलला दर्शन के लिए आई थी, तभी मंदिर परिसर में एक ड्रोन गिरने की घटना सामने आई। पुलिस ने तुरंत ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में यह आशंका है कि भीड़ में भगदड़ मचाने के मकसद से यह हरकत की गई हो। जानकारी के अनुसार, मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है कि ड्रोन गिराने की यह घटना किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं है। मामले की गंभीरता को देखकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है। वहीं अब मंदिर परिसर में एंटी-ड्रोन सिस्टम का ट्रायल तेज किया गया है। इसके अलावा, मंदिर की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि घटना की गहनता से जांच हो रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इसके साथ ही, मंदिर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

आप लोगों के माता-पिता को बेइज्जत कर रहे हैं, यह गंदे दिमाग की उपज

रणवीर इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार, गिरफ्तारी से दी राहत

मुंबई (एजेंसी)।

यू-ट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस बीच कोर्ट ने उन्हें जमकर फटकार लगाई। हालांकि कोर्ट ने रणवीर को गिरफ्तारी से राहत दी है और निर्देश दिया है कि वे जांच में शामिल हों। इसके अलावा संबंधित एपिसोड पर अब कोई और एफआईआर नहीं दर्ज की जाएगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में रणवीर के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने कहा कि कई राज्यों में मामले दर्ज हैं। उनकी जान को खतरा है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आप लोगों के माता-पिता को बेइज्जत कर रहे हैं। यह गंदे दिमाग की उपज है। आपके पास भारी संपत्ति है। दो अलग एफआईआर का आप बचाव कर सकते हैं। हम एफआईआर क्यों क्लब करें। जांच और मुकदमा आपके मुताबिक नहीं चलाया जा सकता। अगर आपको खतरा है, तो यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और आप शिकायत करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपको कैसे व्यवहार करना चाहिए, ये आपको पता हैज्अश्लीलता क्या है आपको पता है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि सिर्फ दो एफआईआर है। एक मुंबई में है और दूसरी गुवाहाटी में हैं। दोनों एफआईआर भी समान नहीं है। दोनों में अलग आरोप हैं। ऐसे में एकसाथ सुनवाई की मांग कैसे की जा सकती है। रणवीर के वकील चंद्रचूड़ ने जुबान काटने के एवज में 5 लाख के ईनाम का हवाला दिया। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब आप ऐसी सस्ती पॉपुलेरिटी चाहेंगे तो लोग धमकी तो देंगे ही। आपकी भाषा से अच्छी उसकी भाषा है।

भूकंप के खतरनाक जोन में है दिल्ली इंदिरा गांधी एयरपोर्ट भी दायरे में

नई दिल्ली (एजेंसी)।



राजधानी दिल्ली और आसपास सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। आवाज के साथ आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.0 थी। इससे पहले 23 जनवरी को भी दिल्ली भूकंप से हिल गई थी। एक महीना भी नहीं पूरा हुआ और दूसरा झटका लग गया।

दिल्ली एनसीआर के साथ ही पड़ोसी राज्यों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। दरअसल दिल्ली एनसीआर भूकंपीय क्षेत्र 5 में आता है। इस इलाके में तेज भूकंप आने का खतरा बना ही रहता है। दिल्ली के कई इलाके हाई सीस्मिक जोन में हैं। भारत मे 2 से लेकर 5 तक सीस्मिकजोन हैं। वहीं दूसरे सबसे खतरनाक इलाकों में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी आता है। इसके अलावा बुराड़ी, नजफगढ़ जैसे इलाके भी इस जोन में शामिल हैं। रिपर्ट के मुताबिक लिटियन्स जोन भी भूकंप संभावित सीस्मिक जोन में है। यहां संसद भवन और ज्यादातर मंत्रालय हैं। वहीं एम्स, नारायणा और जेएनयू सुरक्षित जोन में आते हैं। दिल्ली सीस्मिक जोन 5 में आता है। ऐसे में यहां 8 से 9 तीव्रता के भूकंप का भी खतरा बना हुआ है।

दूसरे देश जितना टैरिफ लगाएं, अमेरिका भी उतना ही लगाएगा, ना कम, ना ज्यादा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दोहराई टैरिफ लगाने की बात

वाशिंगटन (एजेंसी)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर टैरिफ लगाने की बात दोहराई। उन्होंने दुनिया के देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कही है। उन्होंने एक्स पर लिखा- व्यापार के मामले में, वह पारदर्शिता के लिहाज़ से यह तय कर रहे हैं कि वह रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे। इस मतलब जो देश अमेरिका पर जितना टैरिफ लगाएगा, वह उस देश पर उतना टैरिफ लगाएंगे। ना कम, ना ज़्यादा। ट्रंप ने कहा कि यह सभी के लिए न्याय संगत होगा। कोई देश इसमें शिकायत नहीं कर सकता है। कुछ मामलों में अगर किसी देश को ऐसा लगता है कि अमेरिका बहुत ज्यादा टैरिफ लगा रहा है, तो इसके लिए उस देश को अमेरिका के खिलाफ लगाए जा रहे टैरिफ को कम करना होगा या हटाना होगा। ट्रंप ने लिखा कि अगर आपके उत्पाद अमेरिका में बनते हैं, तो उस पर कोई टैरिफ नहीं लगाया जाएगा। दरअसल, ट्रंप ने 13 फरवरी को एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था, जिसमें रेसिप्रोकल टैरिफ के लिए योजना बनाने का आदेश दिया था। व्हाइट हाउस ने कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निष्पक्ष, मुक्त, पारस्परिक व्यापार के लिए एक योजना का ऐलान किया है। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका अब दूसरे देश की ओर से बहुत ज्यादा कीमत वसूले जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा। अमेरिका दुनिया की सबसे खुली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, फिर भी हमारे व्यापारिक साझेदार अपने बाजारों को अमेरिकी निर्यात के लिए बंद रखते हैं।

बिजनेस

कार निर्माता कंपनी टेस्ला की भारत में एंट्री, सस्ती कार भी हो सकती है लॉन्च

कंपनी ने भारत में 13 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की

नई दिल्ली (एजेंसी)।

अमेरिका की प्रमुख इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में अपने ऑपरेशन्स को शुरू करने के लिए एक अहम कदम उठाया है। कंपनी ने भारत में 13 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। ये पद कस्टमर सर्विस, सेल्स, डिलीवरी ऑपरेशंस और टेक्निकल सपोर्ट से जुड़ी हैं। मुंबई और दिल्ली में सर्विस टेक्नीशियन और एडवाइजरी से संबंधित पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। वहीं कस्टमर एंगेजमेंट मैनेजर और डिलीवरी ऑपरेशंस स्पेशलिस्ट के पद मुंबई के लिए हैं। एलन मस्क और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली मुलाकात के बाद से यह उम्मीद जताई जा रही थी कि टेस्ला भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की योजना बना रही है। अब जब भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है तो यह स्पष्ट हो गया है कि कंपनी जल्द ही भारत में अपना रिटेल सेल्स ऑपरेशन शुरू कर सकती है।

टेस्ला के लिए हो रही भर्ती : कुछ पदों की सूची दी गई है जिनके लिए टेस्ला भर्ती कर रही है जिनमें इनसाइड सेल्स एडवाइजर,कस्टमर सपोर्ट सुपरवाइजर, कस्टमर सपोर्ट स्पेशलिस्ट, सर्विस एडवाइजर, ऑर्डर ऑपरेशंस स्पेशलिस्ट,सर्विस मैनेजर, टेस्ला एडवाइजर, पार्ट्स एडवाइजर, बिजनेस ऑपरेशंस एनालिस्ट, स्टोर मैनेजर,सर्विस टेक्नीशियन भारत और टेस्ला के बीच लंबे समय से बातचीत चल रही थी लेकिन हाई इम्पोर्ट ड्यूटी के कारण कंपनी भारत में प्रवेश नहीं कर पा रही थी। हाल ही में भारत सरकार ने उन कंपनियों के लिए इम्पोर्ट ड्यूटी में कटौती की है जो 41.5 अरब रुपये (करीब 500 मिलियन डॉलर) से अधिक निवेश करेंगी। इस निर्णय के बाद टेस्ला के लिए भारत में निवेश करना अब आसान हो गया है। सूत्रों के अनुसार टेस्ला भारत में अपनी कम लागत वाली इलेक्ट्रिक कार लाने पर विचार कर रही है।

सोने और चांदी के दामों में तेजी

नई दिल्ली । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुएं महंगी होने से देश के सराफा बाजार में सोने-चांदी के वायदा कारोबार में मंगलवार को तेजी देखने को मिल रही है। मंगलवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। इस समय आज सोने के वायदा भाव 85,400 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 95,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुलने के बाद सुधर गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 145 रुपये की तेजी के साथ 85,200 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 350 रुपये की तेजी के साथ 85,405 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 161 रुपये की तेजी के साथ 95,741 रुपये पर खुला। इस समय यह 300 रुपये की तेजी के साथ 95,880 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने व चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। हालांकि इनके भाव गिरावट के साथ खुले थे। कॉमेक्स पर सोना 2,895.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,900.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 22.60 डॉलर की तेजी के साथ 2,923.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.68 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.85 डॉलर था। इस समय यह 0.10 डॉलर की तेजी के साथ 32.95 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

शेयर बाजार हल्की गिरावट पर बंद

मुम्बई (एजेंसी)।

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को मामूली गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई हैं।आज इंट्रा डे कारोबार के दौरान बाजार आधा फीसदी से ज्यादा गिर गया था पर इसके बाद आईटी, बिजली, और धातु शेयरों में तेजी से बाजार काफी हद तक उबरने में सफल रहा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 76.85 अंक या 0.10 फीसदी बढ़कर 76,073 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 75,531 अंक तक नीचे आया पर अंत में सेंसेक्स काफी हद तक उबरने के बाद 45.78 अंक तकरीबन 0.06 फीसदी टूटकर 75,951 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाल नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी आज हल्की बढ़त के साथ खुला। पर इसके बाद इसमें गिरावट आने लगी। अंत में ये 22,801 के स्तर तक नीचे खिसक गया। अंत में इंडेक्स 14.20 अंक तकरीबन 0.06 फीसदी की गिरावट लेकर 22,945.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 2.38 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। अल्ट्रा सीमेंट, महिंद्रा एन्ड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टीसीएस, सनफार्मा, आईटीसी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेण्ट प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। दूसरी ओर एनटीपीसी का शेयर लगभग 3 फीसदी उछलकर बंद हुआ।

मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

नीतिगत दर कमी से वृद्धि को नहीं मिलेगी गति : नीलकंठ मिश्रा

मुंबई (एजेंसी)। एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि अगर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आर्थिक वृद्धि को गति देना चाहता है तो उसे नीतिगत दरों में कटौती के बजाय नकदी को आसान बनाने पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अंशकालिक सदस्य की भी जिम्मेदारी निभा रहे मिश्रा ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर में कटौती की गयी है। आगे भी इसमें अगर कटौती की जाती है तो भी इससे कर्ज में वृद्धि नहीं होगी। इसका कारण नकदी की कमी है, जो कर्ज देने में बाधा उत्पन्न करेगी। मिश्रा ने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर बैंक मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि जैसा मौद्रिक नीति समिति ने कहा है कि अगर उद्देश्य वित्तीय स्थितियों को आसान बनाना और आर्थिक वृद्धि को समर्थन देना है, तो मेरा सुझाव होगा कि सबसे पहले नकदी पर ध्यान दिया जाए क्योंकि इस स्तर पर, दरों में कटौती से मदद नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि यदि उद्देश्य वृद्धि को समर्थन देने के लिए मौद्रिक साधनों का उपयोग करना है, तो नकदी पहला उपाय होना चाहिए।

झारखंड सरकार ने कर्मचारियों के डीए में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की

रांची (एजेंसी) झारखंड सरकार ने मंगलवार को अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह वृद्धि पिछले साल एक जुलाई से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि छठे केंद्रीय वेतन आयोग के तहत कर्मचारियों को मौजूदा मूल वेतन का 246 प्रतिशत डीए मिलेगा, जो इससे पहले 239 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। छठे वेतन आयोग के तहत पेंशनभोगियों को मिलने वाली महंगाई राहत (डीआर) में भी सात प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 246 प्रतिशत कर दिया गया। संयुक्त कैबिनेट सचिव राजीव रंजन ने संवाददाताओं को बताया कि पांचवें वेतन आयोग के तहत आने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए भी डीए मौजूदा 443 प्रतिशत से बढ़ाकर 455 प्रतिशत कर दिया गया है, जो एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगा।

मवाना शुगर्स के प्रवर्तक को 6.17 करोड़ रुपये वापस करने के आदेश

नई दिल्ली (एजेंसी) पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को मवाना शुगर्स के एक प्रवर्तक को कंपनी की प्रतिभूतियों में भेदिया कारोबार (इनसाइडर ट्रेडिंग) के जरिए प्राप्त 6.17 करोड़ रुपये वापस करने का निर्देश दिया। यह आदेश तब आया जब सेबी ने सितंबर 2017 से फरवरी 2018 की अवधि के लिए मवाना शुगर्स लिमिटेड (एमएसएल) के प्रवर्तक (प्रमोटर) और विशेष सलाहकार सिद्धार्थ श्रीराम की ट्रेडिंग गतिविधियों की जांच की, जबकि कथित तौर पर उनके पास अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) थी। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बाजार मानदंडों और भेदिया कारोबार निषेध (पीआईटी) नियमों के प्रावधानों के संभावित उल्लंघन का पता लगाने के लिए जांच की। जांच के दौरान, सिद्धार्थ श्रीराम का मई 2021 में निधन हो गया था। मृत्यु के बाद, सिद्धार्थ के शेयर उनके बेटे या उनके कानूनी उत्तराधिकारी कृष्ण श्रीराम को हस्तांतरित कर दिए गए थे।

यूनिटी बैंक ने अपना विस्तार किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। नये जमाने की बैंक यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूनिटी बैंक) ने भारत के दिल, यानि मध्यप्रदेश में अपनी उपस्थिति को बढ़ाया है। इसके तहत बैंक ने भोपाल में 2 नई शाखाओं का उद्घाटन किया है। यूनिटी बैंक का यह विस्तार राज्य में व्यवसाय के लिये बढ़ रहे अवसरों का लाभ उठाने के लिये हुआ है। इसमें ग्राहकों को जमा राशि पर आकर्षक ब्याज दरें और उद्यमियों तथा आम लोगों को तैयार वित्तीय समाधानों की पेशकश की जायेगी। यह शाखाएं भोपाल की त्रिलंगा और अरेरा कॉलोनी में खोली गई हैं। यूनिटी बैंक वरिष्ठ नागरिकों के लिये 9.50प्रतिशत प्रतिवर्ष* की आकर्षक दर पर सावधि जमा की पेशकश करती है, जबकि दूसरे निवेशक 9.00प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अर्जित कर सकते हैं। यूनिटी बैंक बचत खातों के लिये 7.50प्रतिशत प्रतिवर्ष, 5 लाख रूपये से ज्यादा की शेषराशि पर और 1 लाख रूपये अधिक तथा 5 लाख रूपये तक के जमा शेष पर 7.25प्रतिशत प्रतिवर्ष* ब्याज देती है (मासिक भुगतान)। इसके अलावा, चुनिंदा शाखाओं में प्रतिस्पर्द्धी दरों पर लॉकर्स भी उपलब्ध हैं। यूनिट बैंक के भोपाल में आने का लक्ष्य है वहाँ बढ़ रहे व्यवसाय के अवसरों का लाभ उठाना। ग्राहकों को जमाराशि पर आकर्षक ब्याज दरें देना, एसएमई और एमएसएमई को बिजनेस लोन देना तथा इससे महत्वपूर्ण, मध्यप्रदेश के नागरिकों को ज्यादा स्मार्ट, तेज और सशक्त बैंक के साथ बैंकिंग करने का मौका देना भी उसका लक्ष्य है। यूनिटी बैंक के एमडी और सीईओ इंद्रजीत कमोत्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश में अपनी उपस्थिति को बढ़ाना यूनिटी बैंक के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मांग रहने के बीच आवक घटने से मूंगफली तिलहन और बिनौला तेल कीमतों में सुधार

नई दिल्ली (एजेंसी)। मांग बढ़ने के बीच किसानों द्वारा मंडियों में अपनी आवक घटाने से मंगलवार को घरेलू तेल-तिलहन बाजार में मूंगफली तिलहन और बिनौला तेल के दाम में सुधार देखने को मिला। वहीं आयातित सोयाबीन तेल अपनी लागत से लगभग पांच प्रतिशत नीचे बिकने के कारण बाकी तेल-तिलहनों का दाम भी प्रभावित होने से सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल में गिरावट दर्ज हुई। मूंगफली तेल के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट है जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में मामूली सुधार का रुख है। बाजार सूत्रों ने कहा कि मूंगफली के किसान पहले से परेशान हैं क्योंकि हाजिर बाजार में इसके दाम एमएसपी से 22-23 प्रतिशत नीचे हैं। किसान और नीचे भाव पर अपना माल बेचने को राजी नहीं हैं, इस कारण बाजार में आवक घट रही है। आवक घटने के बीच सौदों की कमी होने तथा आज कपास नरमा के दाम में 50 रुपये क्विंटल की वृद्धि के बाद मूंगफली तिलहन के दाम कल के मुकाबले थोड़े सुधार के साथ बंद हुए। उन्होंने कहा कि यही हाल बिनौला का है। सूरजमुखी एवं पाम-पामोलीन के महंगा होने के कारण बिनौला तेल की मांग बढ़ी है। बिनौला तेल का दाम सूरजमुखी से 10 रुपये किलो और पामोलीन से 5-6 रुपये किलो सस्ता बैठता है। इस कारण खासकर नमकीन बनाने वाली कंपनियों की मांग बढ़ी है जिसकी वजह से बिनौला तेल कीमत में भी सुधार आया।

100 से ज्यादा विमान, किराया छू रहा आसमान बेंगलोर का किराया 39 हजार रुपए के पार

प्रयागराज एयरपोर्ट पर यात्रियों और विमानों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही

नई दिल्ली (एजेंसी)।

महाकुंभ के मौके पर प्रयागराज एयरपोर्ट पर यात्रियों और विमानों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस माह अब तक कई बार विमानों और यात्रियों के आवागमन के रिकॉर्ड टूट चुके हैं। दिल्ली के लिए एक दिन में औसतन 10 विमान उड़ रहे हैं लेकिन इसके बावजूद किराए में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज से दिल्ली जाने वाले विमानों का किराया 13 हजार रुपये से कम नहीं मिल रहा है। कुछ तिथियों में यह किराया 20 हजार रुपये से भी अधिक पहुंच गया है। पिछले दो दिनों में प्रयागराज एयरपोर्ट से उड़ने वाले विमानों की संख्या 100 से भी अधिक हो चुकी है। हालांकि अधिक किराए के बावजूद अधिकांश शहरों के लिए सीधी उड़ानों में सीट्स उपलब्ध नहीं हो रही हैं। बंगलूरू का किराया सबसे ज्यादा प्रयागराज से बंगलूरू जाने वाले विमानों का किराया सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। 18 फरवरी के लिए एक निजी विमान कंपनी का बंगलूरू का किराया 39,146 रुपये प्रति व्यक्ति था। महाकुंभ के दौरान बंगलूरू का किराया किसी भी दिन 22 हजार रुपये से कम नहीं है।

मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

एफआईएच प्रो लीग : भारतीय महिला टीम स्पेन से 3-4 से हारी

भुवनेश्वर (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम को मंगलवार को यहां एफआईएच प्रो लीग हॉकी प्रतियोगिता के रोमांचक मैच में स्पेन के हाथों 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। भारत ने दूसरे क्वार्टर में बलजीत कौर (19वें मिनट) के गोल की मदद से बढ़त बना ली थी लेकिन स्पेन ने दो मिनट बाद ही सोफिया रोगोस्की (21वें मिनट) के गोल की मदद से बराबरी कर ली। बलजीत का यह सीनियर स्तर पर पहला गोल था। स्पेन ने भारतीय टीम पर दबाव बनाए रखा तथा दूसरे क्वार्टर में ही एस्टेल पेटचामे (25वें मिनट) के गोल से बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया। साक्षी राणा ने 38वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि रुताजा दादासो पिंसल (45वें मिनट) के गोल की बदौलत उसने बढ़त हासिल कर ली। स्पेन ने हालांकि चौथे और अंतिम क्वार्टर में शानदार वापसी की तथा एस्टेल (49वें मिनट) और लूसिया जिमेनेज (52वें मिनट) के गोल की मदद से अपनी जीत सुनिश्चित की। स्पेन ने यह दोनों गोल पेनल्टी कार्नर पर किए। भारतीय महिला टीम अपने पिछले मैच में इंग्लैंड से हार गई थी।

मनु गंडास ने गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में बढ़त बनाई

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुरुग्राम के मनु गंडास ने मंगलवार को यहां एक करोड़ रुपये इनामी गुजरात ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन पांच अंडर 31 के शानदार स्कोर के साथ बढ़त बना ली। पिछले हफ्ते कोलकाता में पीजीटीआई सत्र का पहला खिताब जीतने वाले चंडीगढ़ के युवराज संधू और मऊ के ओम प्रकाश चार अंडर 32 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। करनाल के रोहित नरवाल और हैदराबाद के मोहम्मद अजहर तीन अंडर 33 के स्कोर से संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। गत चैंपियन अभिनव लोहान चार अंडर 32 के स्कोर से छठे पायदान पर हैं।

अमेरिका ने ओमान को हराकर सबसे कम स्कोर के बचाव का रिकॉर्ड बनाया

अल अमेरात (एजेंसी)। अमेरिका ने क्रिकेट विश्व लीग दो मैच में मंगलवार को यहां ओमान को 57 रन से हराकर पूरे 50 ओवर में एकदिवसीय मैच में 122 रन के सबसे कम स्कोर का बचाव करने का रिकॉर्ड बनाया। पुरुष एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में यह सबसे कम स्कोर है जिसका बचाव किया गया है। इसमें हालांकि कम ओवरों के मुकाबले या संशोधित लक्ष्य वाले मुकाबले शामिल नहीं हैं। अमेरिका ने स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों में बाएं हाथ के स्पिनर नोशतुष केनजिगे (11 रन पर पांच विकेट) की फिरकी के जादू से मेजबान ओमान को सिर्फ 65 रन पर ढेर कर दिया। केनजिगे के अलावा आफ स्पिनर मिलिंद कुमार (17 रन पर दो विकेट) और यासिर मोहम्मद (10 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट चटकाए। यह ओमान का पुरुष एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर है। पूरे मैच के दौरान तेज गेंदबाजों ने एक भी ओवर गेंदबाजी नहीं की। ओमान की टीम पांच स्पिनरों के साथ उतरी जबकि अमेरिका के स्पिनरों केनजिगे, मिलिंद, यासिर और हरमीत को उतारा। इससे पहले अमेरिका ने मिलिंद की 47 रन की पारी की बदौल 35.3 ओवर में 122 रन बनाए।

अजहरूद्दीन के शतक से केरल ने गुजरात पर शिकंजा कसा

अहमदाबाद (एजेंसी)। मोहम्मद अजहरुद्दीन की नाबाद 149 रन की पारी की बदौलत केरल ने गुजरात के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन मंगलवार को सात विकेट पर 418 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। देश की शीर्ष घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में केरल की टीम कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई है। टीम ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 206 रन से की। कल 69 रन बनाकर खेल रहे कप्तान सचिन बेबी दूसरे दिन अपने स्कोर में कोई इजाफा नहीं कर पाए। उन्हें दिन की दूसरी ही गेंद पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरजान नागवासवाला ने आउट कर दिया। अजहरूद्दीन और सलमान निजार (202 गेंद में 52 रन) ने छठे विकेट के लिए 149 रन जोड़कर टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। तीसरे दिन केरल की नजरें अधिक से अधिक समय तक बल्लेबाजी करने पर टिकी होगी जिससे कि सपाट पिच पर मेजबान टीम के खिलाफ पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की जा सके। दिन का खेल खत्म होने पर 30 रन बनाकर खेल रहे अजहरूद्दीन ने दूसरे दिन पूरे समय बल्लेबाजी की।

काउंटी चैंपियनशिप में एसेक्स की तरफ से खेलेंगे शार्दुल ठाकुर

लंदन (एजेंसी)। भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर 2025 के सत्र की शुरू में एसेक्स की तरफ से काउंटी चैंपियनशिप के डिवीजन एक के सात मैचों में खेलेंगे। क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की तरफ से 11 टेस्ट, 47 वनडे और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह पहली बार काउंटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। ठाकुर ने वर्तमान सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले महीने उन्होंने जम्मू कश्मीर के खिलाफ 51 और 119 रन बनाए थे जबकि मेघालय के खिलाफ 84 रन की तूफानी पारी खेली थी। उन्होंने मेघालय के खिलाफ हैट्रिक भी बनाई थी। ठाकुर ने एसेक्स की वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, ''मैं अगले सत्र में एसेक्स की तरफ से खेलने को लेकर उत्साहित हूं। इससे मुझे नयी चुनौतियों का सामना करने तथा अपनी प्रतिभा और कौशल को दिखाने का मौका मिलेगा।

चैम्पियंस ट्रॉफी में आज खेला जाएगा पहला मैच, न्यूजीलैंड का सामना करेगी पाकिस्तान

न्यूजीलैंड ने हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज में पाकिस्तान को हराया था

कराची (एजेंसी)।

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला मैच बुधवार को कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होगा। दोनो ही टीमें इस मैच में जीत के साथ शुरुआत करने उतरेंगी। न्यूजीलैंड ने हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज में पाक को हराया था , ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। वहीं पाक को मेजबान होने के कारण घरलू हालातों का लाभ मिलेगा। शुरुआत मैच होने के कारण दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें इसपर रहेंगी। कराची के नेशनल स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रहती है, ऐसे में इस मैच में बड़े स्कोर बनने की पूरी उम्मीद है। इस मैदान पर खेले गए 78 एकदिवसीय मैचों में से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 36 बार जीती है जबकि बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम 39 बार जीती है। दूसरी पारी में इस विकेट पर स्पिनर्स को कुछ सहायता मिली सकती है। कराची में दिन के कुछ समय के लिए बादल छाए रहने के साथ धूप रहने का अनुमान है लेकिन मौसम खेल के लिए अनुकूल रहेगा।

दोनों टीमों की संभावित अंतिम 11

पाकिस्तान- मोहम्मद रिजवान (कप्तान), फखर जमान, सऊद शकील, बाबर आजम, सलमान आगा, खुशदिल शाह, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ, अबरार अहमद

न्यूजीलैंड- मिचेल सेंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, केन विलियमसन, डेरिल मिशेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, नाथन स्मिथ, जैकब डफी, विलियम ओरूर्कझ

सीएसके के खिलाफ पहले मैच में नहीं खेलेंगे पांड्या

पांड्या पर पिछले सत्र में लगा एक मैच का निलंबन

मुम्बई (एजेंसी)।

आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पांड्या हालांकि इस मैच में नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण उन पर पिछले सत्र में लगा एक मैच का निलंबन है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई की कप्तानी करते दिख सकत हैं। मुंबई इंडियंस का पिछले सत्र में प्रदर्शन काफी खराब रहा था। तब हार्दिक पांड्या पर लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हुए अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के बाद धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था और इसी कारण आईपीएल 2025 में फ्रेंचाइजी के पहले मैच से भी निलंबित कर दिए गए थे। सीजन में तीसरी बार मुम्बई ओवर गति से पीछे रहा, जिसके कारण उनके कप्तान पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध भी लगाया गया। यही वजह है कि वह इस बार पहले मैच में हार्दिक खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। हालांकि उनकी जगह टीम की कमान किसे मिलेगी, इसके बारे में फ्रेंचाइजी ने अभी घोषणा नहीं की है पर माना जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव हार्दिक की जगह टीम की कमान संभाल सकते हैं। सूर्यकुमार यादव भारतीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं। सीसीआई ने रविवार आईपीएल के 18वें सीजन का शेड्यूल जारी किया। बीसीसीआई के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में 13 स्थानों पर कुल 74 मैच खेले जायेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का आगाज ईडन गार्डंस में 22 मार्च को गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच मुकाबले से होगा।

बीसीसीआई ने दी राहत, अब चैम्पियंस ट्रॉफी में एक मैच के लिए अपने परिवार को बुला सकेंगे खिलाड़ी

बीसीसीसी ने ये नियम इसलिए बनाया था ताकि खिलाड़ी खेल पर ही ध्यान केन्द्रित कर सकें

मुम्बई (एजेंसी)।

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का एक मैच देखने के लिए भारतीय खिलाड़ियों का परिवार दुबई जा सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कहा था कि लंबे दौरे में ही खिलाड़ियों का परिवार कुछ समय के लिए ही उनके साथ रह सकता है।

बीसीसीसी ने ये नियम इसलिए बनाया था ताकि खिलाड़ी खेल पर ही ध्यान केन्द्रित कर सकें। इसी कारण चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए दुबई गयी भारतीय टीम के किसी भी खिलाड़ी के साथ परिवार नहीं था। वहीं अब बीसीसीआई ने लचीला रुख अपनाते हुए कहा है कि खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार को अपने साथ रख सकेंगे। अभी तक कहा जा रहा था कि चैम्पियंस ट्रॉफी छोटा टूर्नामेंट है। ऐसे में परिवार को खिलाड़ियों के साथ रहने और वीवीआईपी बॉक्स से मैच देखने की अनुमति नहीं होगी! वहीं अब एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई ने केवल एक मैच के लिए परिवार को साथ रखने और मैच देखने की अनुमति दी है। हाल ही में टीम मैनेजमेंट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया से मुलाकात की थी और उस बैठक के बाद ही ये तय हुआ था कि है कि खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार को दुबई बुला सकते हैं।

हालांकि, बीसीसीआई ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि खिलाड़ी को बोर्ड को बताना होगा कि किस मैच के लिए वे अपने परिवार को बुला रहे हैं, क्योंकि इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। बोर्ड की अनुमति के बाद ही खिलाड़ियों को परिवार को साथ रखने की अनुमति दी जाएगी।

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के लिए तैयार की गयीं नई पिचें

भारतीय टीम अपने तीनो लीग मैच दुबई में ही खेलेगी

दुबई (एजेंसी)।

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के दुबई पहुंचते ही पिचें बदल दी गयी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि भारत को खराब पिचें नहीं मिलेंगी। भारतीय टीम अपने तीनो लीग मैच दुबई में ही खेलेगी। इसी को देते हुए भारत के लीग मैचों के लिए दो नई पिचें तैयार रखी गई हैं। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। इसके बाद 23 फरवरी को उसका मुकाबला पाकिस्तान से होगा। वहीं 2 मार्च को उसे न्यूजीलैंड से ग्रुप स्तर का मुकाबला खेलना है। तीनों मुकाबले दुबई में होंगे। यहां पिछले एक महीने में पुरुष अंडर-19 एशिया कप और जनवरी-फरवरी में आईएलटी 20 लीग हुआ है। इसी को देखते हुए आशंका जाहिर की जा रही थी कि भारत को खराब पिचें मिलेंगी पर ऐसा नहीं है। आईएलटी 20 0 के दौरान इस मैदान पर दो नॉकआउट खेलों सहित 15 मैच हुए। वहीं कहा जा रहा है कि स्टेडियम की दस पिचों में से दो को लीग के दौरान इस्तेमाल नहीं किया गया। ताकि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहे। नई पिचें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए मददगार साबित होंगी। दुबई की पिच ऐतिहासिक रूप से तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल रही है।

बुमराह के नहीं होने से बांग्लादेश के पास जीत हासिल करने का अवसर : कायेस

इस बार भारत में बुमराह के नहीं होने से उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ

दुबई (एजेंसी)।

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज इमरूल कायेस को उम्मीद है कि इस बार भारतीय टीम में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं होने से उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है।

कायेस का मानना है कि ऐसे में उनकी टीम के पास 20 फरवरी को होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी मैच में जीत हासिल करने का अच्छा मौका है। कायेस के अनुसार इस मैच में बांग्लादेशी बल्लेबजा भारतीय गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बना सकते हैं। कायेस ने कहा कि भारतीय टीम काफी मजबूत है और उसके पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण और बल्लेबाजी क्रम है पर इस बार बुमराह टीम में नहीं है। हम सभी को पता है कि पिछले दो साल में उसने भारतीय क्रिकेट के लिये क्या किया है। उसकी गैर मौजूदगी से बांग्लादेश को लाभ मिलेगा। बुमराह की गैर मौजूदगी में मोहम्मद शमी के पास भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान होगी जिसमें हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं। कायेस ने कहा, 'शमी की वापसी बड़ी बात है पर वह इस समय फिटनेस समस्या से जूझ रहा है हालांकि लय हासिल करने पर वह बांग्लादेश के लिये खतरनाक साबित हो सकता है। बांग्लादेश टीम में इस बार अनुभवी हरफनमौला शाकिब अल हसन और विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास नहीं हैं। कायेस ने कहा, 'मुझे शाकिब की कमी खलेगी क्योंकि वह शानदार खिलाड़ी है। किसी भी मैच में उसका योगदान काफी रहता है।

पहली बार सेपक टाकरा विश्वकप की मेजबानी करने जा रहा बिहार, 24 देशों की टीमें लेंगी भाग

विश्वकप अगले माह 20 से 25 मार्च तक पटना के पाटलीपुत्र खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा

पटना (एजेंसी)।

बिहार पहली बार 'सेपक टाकरा विश्वकप की मेजबानी करने जा रहा है। ये विश्वकप अगले माह 20 से 25 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इसमें 24 देशों की टीमें लेंगी। पटना के पाटलीपुत्र खेल परिसर में इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा है। इस आयोजन को लेकर सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच एक करार भी हुआ है। हार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि सेपक टाकरा वर्ल्ड कप का आयोजन बिहार में पहली बार हो रहा है यह बिहार के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है और यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। बिहार को इस प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर देने के लिए सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया का हम आभार जताते हैं। साथ ही इसके सफल आयोजन का भरोसा देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सेपक टकरा वॉलीबॉल, जिम्नास्ट, फुटबॉल और बैडमिंटन का मिलाजुला रुप है। इसे जब खेलते हैं तब गेंद को पैरों से मारते हैं। हाथों का इस्तेमाल नहीं करना होता है। साथ ही जिम्नास्ट की तरह जम्प मारना होता है।

सेपक टाकरा विश्वकप में शामिल होने वाले संभावित देश जापान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, ईरान, वियतनाम, भारत, ब्राजील, पोलैंड, फ्रांस, नेपाल, श्रीलंका, न्यूजीलैंड, अमेरिका, सिंगापुर, चीन, स्विट्जरलैंड, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, ब्रूनेई, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, चीनी ताइपे, इटली और लाओस शामिल हैं। इनमें से श्रीलंका, अमेरिका, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई तथा इटली केवल पुरुष प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगे। वहीं बाकी देश महिला और पुरुष दोनों वर्ग में भाग लेंगे।

भारतीय टीम इस बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतेगी : क्लार्क

रोहित शानदार शतक लगाने के साथ ही फार्म में आ गये हैं

सिडनी (एजेंसी)।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि भारतीय टीम इस बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतेगी। क्लार्क ने कहा है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में शानदार शतक लगाने के साथ ही फार्म में आ गये हैं और वह इस सीरीज में सबसे अधिक रन बनाएंगे। भारतीय टीम को हालांकि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के टीम से बाहर होने के कारण ट्रॉफ का कमजोर दावेदार माना जा रहा है पर क्लार्क इससे सहमत नहीं हैं। क्लार्क का मानना है कि भारतीय टीम पाकिस्तान और दुबई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब को जीतने में कामयाब होगी। इस पूर्व बल्लेबाज ने ये भी कहा है कि रोहित टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनेंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-0 से हराया था जिससे वह आत्मविश्वास से भरी हुई नजर आ रही है। रोहित ने इस दौरान कटक में खेले गए मैच में 90 गेंद में 119 रन की आक्रामक पारी खेली थी।

आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में हेड, शुभमन गिल सहित बल्लेबाज निभा सकते हैं अहम भूमिका

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के मुकाबले आज से शुरु, पाकिस्तान सहित 8 टीमें ले रही भाग

दुबई (एजेंसी)।

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के मुकाबले बुधवार से शुरु हो रहे हैं। इसमें मेजबान पाकिस्तान सहित 8 टीमें भाग ले रही हैं। इस बार ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, भारत के जसप्रीत बुमराह सहित कई टीमों के प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण बाहर हैं। ऐसे में चैम्पियंस ट्रॉफी में ट्रेविस हेड , शुभमन गिल सहित ये खिलाड़ी अंतर पैदा कर सकते हैं।

ट्रेविस हेड - ऑस्ट्रेलिया के हेड एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। अपनी बल्लेबाजी से वह अभी भी खेल का रुख मोड़ देते हैं। पिछले कुछ साल इस बल्लेबाज को काफी सफलता मिली हैं और वह इस सिलसिले को बनाये रखना चाहेंगे। उन्होंने पिछले कुछ समय से नॉक आउट मुकाबलों में भारत को काफी परेशान किया है और ऐसे में बल्लेबाजी की अनुकूल पिचों पर हेड एक बार फिर गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने में पीछे नहीं रहेंगे।

शुभमन गिल -एकदिवसीय प्रारूप में 60 की शानदार औसत और 101 से अधिक के शानदार स्ट्राइक रेट के साथ सात शतक और 15 अर्धशतक लगाने वाले भारतीय टीम के बल्लेबाज शुभमन ने 50 एकदिवसीय मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। यह ऐसा प्रारूप है जिसमें वह जिम्मेदारी उठाने वाले खिलाड़ी हो सकते हैं। ऐसे में इस टूर्नामेंट में उनके पास बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी क्षमताओं को दिखाने का अवसर है।

फखर जमा - पाकिस्तान के फखर जमां ने पिछले चैम्पिसं ट्रॉफी फाइनल में शानदार शतक लगाकर भारतीय टीम के हाथों में आया खिताब छीन लिया था। वह एक भरोसेमंद बल्लेबाज होने के साथ ही आक्रामक शॉट भी खेलने में माहिर हैं।

डेवोन कॉनवे- न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे कॉनवे का एकदिवसीय करियर अधिक बड़ा नहीं हैं। उन्होंने अब तक केवल 33 मैच खेले हैं लेकिन इतने कम समय में ही उन्होंने कई मैच विजेता पारियां खेली हैं। वे स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाज हैं और पाकिस्तान हो या दुबई, टी20 लीग क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के कारण वह हर जग के हालातों में ढ़ जाते हैं।

हेनरिक क्लासेन - दक्षिण अफ्रीका के क्लासेन चाहे टी20 हो या एकदिवसीय किसी भी प्रकार के मैच का रुख बदल देते हैं।

मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

कूनो नेशनल पार्क में चीता मित्र सम्मेलन

भोपाल। कूनो नेशनल पार्क श्योपुर में सेसईपुरा में चीता मित्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 100 चीता मित्र शामिल हुए। चीता मित्रों से वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने चर्चा की। चीता मित्रों द्वारा परियोजना से जुड़े अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किये। सम्मेलन में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, आईजी-एनटीसीए, क्षेत्रीय निदेशक और टाइगर रिजर्व के उप निदेशक उपस्थित थे। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से चीता पुन: प्रवेश के दो सफल वर्षों की पूर्णता के अवसर पर 17-18 फरवरी, 2025 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चीता प्रोजेक्ट की परिचयात्मक प्रस्तुति और परियोजना के तहत किये गये कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया गया। कार्यशाला के बाद फील्ड विजिट भी किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान के मैदानी कर्मचारियों के साथ चर्चा की।

बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इण्डियन बॉयसन (गौर) का पुनर्विस्थापन

भोपाल। वन विभाग एवं भारतीय वन्य-जीव संस्थान देहरादून द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 20 से 24 फरवरी तक 50 बॉयसन गौर का पुनर्विस्थापन किया जायेगा। पुनर्विस्थापन का कार्य दो चरणों में किया जायेगा। कान्हा टाइगर रिजर्व से वर्ष 2011-12 में 50 बॉयसन (गौर) बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पुनर्विस्थापित किये गये थे। वर्तमान में इनकी संख्या 170 से अधिक हो गयी है। क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम ने बताया कि लगभग 13 वर्ष के बाद बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व को बॉयसन (गौर) की संख्या में अनुवांशिक सुधार के लिये यह निर्णय लिया गया है। भविष्य में मध्य भारतीय परिदृश्य अंतर्गत बॉयसन (गौर) को संरक्षित रखने में यह कदम एक मील का पत्थर साबित होगा।

आचार्य शास्त्री के सामाजिक सरोकार के कार्य अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय: राजेन्द्र शुक्ल

भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का शिलान्यास बुंदेलखंड के लिये बहुत बड़ी सौगात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फ़रवरी को कैंसर अस्पताल का शिला-पूजन करेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता का परिचायक है। इसके साथ ही महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बागेश्वर धाम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की गरिमामय उपस्थिति में 26 फ़रवरी को 251 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अल्प आयु में आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री जी सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में अपना योगदान देने के साथ-साथ सामाजिक सरोकार से जुड़ा इतना बड़ा कार्य कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पं. धीरेन्द्र शास्त्री को जन-हितकारी कार्यक्रमों के सफल आयोजन की शुभकामना दी हैं।

जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

भोपाल। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में मंगलवार को एडीएम अंकुर मेश्राम, डिप्टी कलेक्टर मोहम्मद इकबाल एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 126 आवेदन प्राप्त हुए। एडीएम अंकुर मेश्राम ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर सीएम हाउस में अहम बैठक

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजभवन पहुंचकर सौजन्य भेंट की।

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य 24-25 तारीख़ को भोपाल में होने जा रहे हैं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों के संबंध में मध्यप्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भाजपा के यशस्वी प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में कार्यक्रम के लिए गठित शीर्ष समिति की बैठक कि एवं ज़रूरी दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर सांसद आलोक शर्मा हुज़ूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने महापौर श्रीमती मालती राय नगर निगम अध्यक्षकरेंगे किशन सूर्यवंशी ने हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए सभी स्तर पर बेहतर काम के संबंध में विस्तृत चर्चा की इस अवसर पर सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश में व्यापक स्तर पर मनाए जाएंगे महाशिवरात्रि और गुड़ी पड़वा पर्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद बैठक के पहले दी मंत्रीगण को महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों की साज-सज्जा सहित विविध आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 30 मार्च को गुड़ी पड़वा पर्व पर भी बड़े स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि से विक्रमोत्सव प्रारंभ होगा। इस वर्ष भी जल गंगा अभियान संचालित किया जाएगा। इस वर्ष जल गंगा अभियान और वॉटर शेड कार्यक्रम के साथ दीर्घ अवधि तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

घड़ियाल अभ्यारण्य और मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 17 फरवरी को चंबल नदी के निकट घड़ियाल अभ्यारण्य का उन्होंने अवलोकन किया। इस अवसर पर 10 घड़ियाल चंबल नदी में छोड़े गए। प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। देश में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल के घड़ियाल अभ्यारण्य में हैं। यहाँ पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नई सुविधाएं प्रारंभ की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभ्यारण्य को पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण केन्द्र बताया।

कृषक कल्याण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में किसान कल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। चाहे किसानों को धान और अन्य फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि का विषय हो या प्रति हेक्टेयर फसलों के लिए प्रोत्साहन राशि देने का विषय हो, इस संबंध में निकट भविष्य में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। किसानों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

मध्यप्रदेश तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं की स्वीकृति के बाद मध्यप्रदेश तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित होगा। यह परियोजना ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना होगी।

प्रदेश में रेलवे-सड़क मार्गों से जुड़ी सभी एजेंसी समन्वय बनाकर बेहतर व्यवस्था रखें

मुख्य सचिव ने प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए अधिकारियों को दिये निर्देश

भोपाल। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रदेश में रेलवे-सड़क मार्गों से जुड़ी सभी एजेंसियों को समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह विभाग जे.एन. कंसोटिया, सचिव गृह गौरव राजपूत और परिवहन सचिव मनीष सिंह मौजूद थे। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रेलवे, कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों से जिलों में की गयी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

सेंट्रल कंट्रोल-रूम की हो व्यवस्था

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि आगामी दिनों में महाशिवरात्रि को देखते हुए प्रयागराज से जुड़े मार्गों पर भीड़ का दबाव बना रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों के बीच समन्वय के लिये सेंट्रल कंट्रोल-रूम की व्यवस्था हो, जहाँ महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके। उन्होंने कहा कि भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिये पुलिस और रेलवे फोर्स के साथ वॉलेंटियर्स का सहयोग लिया जाये। उन्होंने भीड़ के दबाव को कम करने के लिये जिलों में की गयी होल्डिंग सेंटर की व्यवस्था की जानकारी ली।

आरडीएसएस में लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को करें ब्लैक-लिस्ट

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

भोपाल। आरडीएसएस (रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के कार्यों में लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को वार्निंग देकर ब्लैक-लिस्ट करने की कार्यवाही करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी अंतर्गत स्वीकृत आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। तोमर ने कहा कि स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा प्रतिमाह करें। आवश्यकतानुसार पेनाल्टी लगायें। उन्होंने अधिकारियों से भी पूछा कि कार्यों में देरी पर आपके द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है।

टेण्डर की शर्तों का हो पूरा पालन

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि टेण्डर की शर्तों का पूरी तरह से पालन करना सुनिश्चित करें। बिजली खम्बों में निर्धारित रंग के साथ ही थिकनेस आदि पर कोई समझौता नहीं होना चाहिये। तोमर ने कहा कि टेण्डर की शर्तों का पालन कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता की जाँच के लिये नियुक्त थर्ड पार्टी की रिपोर्ट की भी जाँच करें। गलत रिपोर्ट मिलने पर थर्ड पार्टी के विरुद्ध भी कार्यवाही करें।

स्मार्ट मीटर की बिलिंग समय पर हो

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लग गये हैं, उनकी बिलिंग समय पर हो। देरी से बिलिंग होने पर बिल के स्लैब में परिवर्तन नहीं होना चाहिये। मध्य क्षेत्र में अभी तक एक लाख 22 हजार स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। तोमर ने कहा कि विद्युत अवरोध के कारण सहित पूरी जानकारी सोशल मीडिया में डाली जाये। अच्छे कार्यों का भी व्यापक प्रचार-प्रसार करें। जरूरत की सभी सामग्री सब स्टेशन स्तर तक उपलब्ध होनी चाहिये। एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षितिज सिंघल ने योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

कृष्णा गौर ने भेल क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए लागत की सड़कों के डामरीकरण का किया भूमि पूजन

भोपाल। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंगलवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सड़क डामरीकरण के कार्य का भूमि-पूजन किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गोविंदपुरा के नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए हम सतत कार्य कर रहे हैं।

निरंतरता के साथ क्षेत्र की प्रगति के कार्य जारी हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों से कहा कि सड़क मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता से करें। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने महात्मा गांधी चौराहा से पिपलानी पेट्रोल पंप तक 2 किलोमीटर सड़क के डामरीकरण कार्य जिसकी लागत 1 करोड़ 61 लाख रुपए है और चेतकब्रिज चौराहा से अवधपुरी रोड तक 4 किलोमीटर में 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से होने वाले डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा कि सेवंतिका पेट्रोल पंप से गोविंदपुरा थाने तक डामरीकरण तथा अन्नानगर से डीआरएम तक एक करोड़ 16 लाख की लागत से पेचवर्क का कार्य किया जाएगा।

मैनिट में छात्रों के बीच आधी रात हुआ हंगामा मामला शांत करने में पुलिस के छूटे पसीने

भोपाल। राजधानी भोपाल स्थित मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मे आए दिन मारपीट की घटनाएं होती रहती है। एक बार फिर एक घटना सामने आई है जिसमें पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ गई। दरअसल मैनिट कैंपस में रविवार रात करीब 11:30 बजे फर्स्ट ईयर और सेकेंड ईयर के हॉस्टल के छात्रों के बीच विवाद बढ़ने पर मामला उग्र हो गया, जिसके चलते मैनेजमेंट को पुलिस बुलानी पड़ी थी।

अब घटना के कुछ नए वीडियोज सामने आए हैं, जिसमें दिखाई दे रहा है कि बड़ी संख्या में छात्र इकठ्ठा हुए थे और पुलिस के खदेड़ने के बाद किस

तरह से यहां अफरा तफरीह मची। मिली जानकारी के अनुसार कैंपस में स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया था। पुलिस के अनुसार, यह विवाद गाड़ी से टक्कर के बाद शुरू हुआ, जिसमें कई छात्र घायल हो गए। वहीं, कुछ छात्रों ने पुलिस पर उनकी बात न सुनने और बदसलूकी करने के आरोप भी लगाए हैं।

यह था पूरा मामला

कमला नगर थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि रविवार देर रात सेकेंड ईयर के कुछ छात्र मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी उनकी बाइक एक फर्स्ट ईयर के छात्र से टकरा गई। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया, जो जल्द ही बढ़ गया। इसकी सूचना मिलते ही MANIT प्रबंधन ने पुलिस को बुलाया। हमारी टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और स्थिति को संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया। जानकारी के मुताबिक, फर्स्ट ईयर और सेकेंड ईयर के छात्रों के बीच पहले से ही तनाव चल रहा था। घटना के बाद बड़ी संख्या में दोनों हॉस्टल के छात्र बिल्डिंग के बाहर इकट्ठा हो गए और बहस शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख मैनेजमेंट ने पुलिस को बुलाया।पुलिस के कैंपस पहुंचते ही सबसे पहले हॉस्टल्स की चेकिंग शुरू की गई और छात्रों को वापस हॉस्टल भेजने का प्रयास किया गया।

पुलिस बल पहले से था मौजूद

मैनिट के पीआरओ राहुल तिवारी ने बताया कि, रविवार को संस्थान में 'ई-समिट' कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके लिए पहले से ही पुलिस और दमकल विभाग को बुलाया गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र भी मौजूद थे। इसी बीच फर्स्ट ईयर और सेकेंड ईयर के छात्रों के बीच झगड़ा हो गया। स्थिति बिगड़ते देख हमने तुरंत फर्स्ट ईयर के छात्रों को हॉस्टल भेजा। हालांकि, सेकेंड ईयर के छात्र वापस अंदर जाने को तैयार नहीं थे। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस की मदद ली गई और बल प्रयोग कर छात्रों को हॉस्टल भेजा गया।

जीआई समिट में आने वाले मेहमानों के लिए बनाई जा रही टेंट सिटी

60 प्रतिशत काम पूरा, रहेगी फाइव स्टार की सुविधा

भोपाल। राजधानी भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) को लेकर तैयारियां जोरों पर है। मेहमानों के लिए भोपाल के कलिया सोत डेम पास 108 टेंट सिटी बन रही है। इनमें 5 स्टार होटल्स जैसी सारी सुविधाएं रहेंगी। एयर कंडिशनर से लेकर डबल बेड, लाइटिंग, वॉक के लिए बागीचा रहेगा, ताकि वे प्रकृति को करीब से जान सकेंगे।

कलियासोत ग्राउंड के ठीक पीछे डैम और आसपास हरियाली का आकर्षक नजारा दिखाई देता है। टेंट सिटी को बना रहे कंपनी का दावा है कि करीब 60 से 70त्न काम पूरा हो गया है। 22 फरवरी के पहले इसे पूरी तरह तैयार कर दिया जाएगा। 11 फरवरी से टेंट सिटी तैयार हो रही है। राजस्थान की एक फर्म टेंट सिटी तैयार कर रही है। कंपनी के चक्रवर्ती सिंह ने बताया कि, डेढ़ सौ से ज्यादा कारीगर और मजदूर टेंट सिटी बनाने में लगे हैं। इनमें ग्राफिक्स, पार्क, टेंट आदि काम वे कर रहे हैं। कलाकार जयपुर, मुंबई और भोपाल के हैं।

होटल जैसी लग्जरी सुविधाएं मिलेंगी

टेंट सिटी में होटल जैसी लग्जरी सुविधाएं ही रहेंगी। अंदर डबल बेड, एयर कंडिशन रहेगा तो बाहर सिक्योरिटी के इंतजाम और डॉक्टरों की टीम 24 घंटे मौजूद रहेगी। 3 दिन के लिए ये टेंट सिटी बनेगी। इनमें विदेशी मेहमान ही रुकेंगे। ताकि, वे प्रकृति भरे माहौल में रहे। टेंट सिटी से समिट स्थल तक लाने ले जाने के लिए गाड़ियां मौजूद रहेंगी।

एमपीटी के देखरेख में बन रही टेंट सिटी

दरअसल पहले दो टेंट सिटी कलियासोत और केरवा डैम किनारे बनाने पर मंथन चल रहा था। ताकि, मेहमान प्रकृति के नजारे भी देख सकें, लेकिन बाद में पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कॉलेज के पास कलियासोत ग्राउंड को ही तय कर लिया गया। यही पर सभी 108 टेंट की बड़ी सिटी बनाई जा रही है। मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम की देखरेख में टेंट सिटी बनकर कम्प्लीट हो रही है।

देश-विदेश के 32 हजार मेहमान आएंगे

जीआईएस में देश-विदेश से करीब 32 हजार मेहमान आएंगे। इनमें देश-विदेश के बड़े उद्योगपति जैसे- अंबानी, अडाणी, टाटा, बिरला, महिंद्रा भी शामिल हैं। इनके लिए खास इंतजाम किए जा रहे हैं। 2 से 5 स्टार रेटिंग वाले होटलों में 1 लाख रुपए तक के रूम बुक हो चुके हैं। सदर मंजिल में भी मेहमानों को रुकवाया जाएगा।

बीज संघ के उत्पाद नये ब्रॉन्ड नेम और आकर्षक 'लोगों' के साथ करें विक्रय

सहकारिता विश्वास सारंग की अध्यक्षता में हुई बीज संघ की संचालक मण्डल की बैठक

भोपाल। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि बीज संस्थाओं द्वारा प्रमाणित बीज के विपणन का कार्य नये ब्रॉन्ड नेम के साथ किया जाए। इसके लिये आकर्षक लोगो तैयार किया जाए। मंत्री सारंग मंगलवार को मंत्रालय में राज्य सहकारी बीज उत्पादक एवं विपणन संघ के संचालक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान और अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णबाल उपस्थित थे।

मंत्री सारंग ने कहा कि पैक्स, अन्य सहकारी संस्थाओं तथा निजी व्यवसायियों के माध्यम से स्थानीय कृषकों को प्रमाणित बीज विपणन का

कार्य हो।

उन्होंने विपणन विशेषज्ञ एवं बीज उत्पादन से संबंधित तकनीकी विशेषज्ञ की सेवायें लेने को भी कहा। उन्होंने कहा कि क्वालिटी कंट्रोल, मार्केटिंग और पैकेजिंग पर आवश्यक ध्यान दिया जाये। इस कार्यवाही से पैक्स के 32 लाख कृषक सदस्यों, बीज सहकारी संस्थाओं के सदस्यों एवं अन्य कृषकों को बीज संघ द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जा सकेगा।

गुणवत्तापूर्ण बीज से फसलों की उत्पादन क्षमता में होगी वृद्धि

मंत्री सारंग ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग से किसानों के फसलों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की खेती को उत्कृष्ट करने के लिए बीज संघ अपने ब्रांड के साथ गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराएगा। इसके लिए बीज संघ द्वारा विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाए। मंत्री सारंग ने कहा कि बीज संघ गुणवत्ता, विश्वसनीयता, स्थिरता और जलवायु अनुकूल बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करे। बैठक में निर्णय लिया गया कि, बीज संघ प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर व्यावसायिक विकास केन्द्र स्थापित कर उनके माध्यम से अपनी गतिविधि संचालित करेगा।

सिविल अस्पताल गोविंदपुरा (हथाईखेड़ा) के सुदृढ़ीकरण की आवश्यक व्यवस्थाएँ शीघ्र करें पूर्ण: राजेन्द्र शुक्ल

भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि सिविल अस्पताल गोविंदपुरा (हथाईखेड़ा) के लिये सभी आवश्यक नियुक्तियाँ एवं संसाधनों की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाए जिससे अस्पताल जल्द से जल्द पूर्ण रूप से कार्यरत हो सके। उन्होंने अस्पताल का पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के नाम से पुनर्नामकरण किये जाने की औपचारिक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए संकल्पबद्ध है और इस दिशा में सभी आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल से पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंत्रालय, भोपाल में सौजन्य भेंट की। उन्होंने सिविल अस्पताल गोविंदपुरा (हथाईखेड़ा) की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के विषय पर विस्तृत चर्चा की।